दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 303

ग्वालियर, शनिवार 23 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में राष्ट्रध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' मुहिम को मजबूत करें : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** आज 22 जुलाई है और यह दिन हमारे इतिहास में विशेष महत्व रखता है दरअसल, 1947 में आज ही के दिन हमारे राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी स्मणीय दिवस को सार्थक बनाने के लिए लोगों से 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने-अपने घरों में राष्ट्रध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' मुहिम को मजबूत करने की अपील की है। पीएम ने ट्वीट करते हुए कहा कि 'यह मुहिम तिरंगे के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा करेगी।' उन्होंने उल्लेख किया कि 22 जुलाई, 1947 को ही तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम आज उन सभी लोगों के साहस और प्रयासों को याद करते हैं, जिन्होंने



उस समय स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का सपना देखा था, जब हम औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ रहे थे। हम उनके सपने को पूरा करने और उनके सपनों के भारत का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।'

उन्होंने कहा, 'इस साल, जब हम 'आजादी का अमृत' महोत्सव मना रहे हैं, तो आइए 'हर घर तिरंगा' मुहिम को मजबूत करें। 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं या प्रदर्शित करें। यह मुहिम राष्ट्रध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा करेगी।' पीएम मोदी ने तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाने संबंधी आधिकारिक संवाद की रोचक जानकारी भी ट्विटर पर साझा की। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा फहराए गए पहले तिरंगे की तस्वीर भी ट्वीट की। बता दें कि केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'हर घर तिरंगा' मुहिम शुरू की है। पीएम मोदी ने अपने एक अन्य ट्वीट में कहा, 'आज 22 जुलाई का हमारे इतिहास में विशेष महत्व है, 1947 में आज ही के दिन हमारे राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार किया गया था।

### 1000 करोड़ की इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की योजना बन रही मोदी सरकार

#### वायु प्रदूषण कम करना मोदी सरकार की प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** भारत पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बदलने और वायु प्रदूषण को कम करने प्रयास में 10 अरब डॉलर (लगभग 1,000 करोड़) की इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की योजना बन रही है। भारत, दुनिया के कुछ सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों वाला देश है। यहां सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करके वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मोदी सरकार ने 2070 तक प्योर जीरो उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य रखा है। केंद्र की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विस लिमिटेड (ईईएसएल) की सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) जल्द ही इन इलेक्ट्रिक बसों के लिए टेंडर जारी करने की योजना बना रही है। सीईएसएल ने कहा कि वह इलेक्ट्रिक बसों के साथ ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के स्थानीय निर्माण पर फोकस करेगी, क्योंकि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ती जा रही है। सीईएसएल के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह देश अपनी इलेक्ट्रिक वाहनों की महत्वाकांक्षा पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसलिए फाइनेंसिंग एक चुनौती बना हुई है। भारत पांच से सात सालों तक सभी इलेक्ट्रिक पब्लिक बसें खरीद सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सार्वजनिक परिवहन डिपो को फिर से डिजाइन करने के अलावा अपने ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर ढांचे और ग्रिड क्षमताओं में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बैटरी की आपूर्ति के साथ चल रही कमी पर चिंता जाहिर की है।

## पिछले छह वर्षों में भारत में 72,993 स्टार्टअप रजिस्टर्ड हुए, लगभग 7.68 लाख नौकरियां पैदा की

### स्टार्टअप के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ साल में भारतीय स्टार्टअप लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे है। सरकारी आंकड़े भी इस पर मुहर लगा रहे हैं। सरकार ने संसद में बताया कि पिछले छह वर्षों में भारत में 72,993 स्टार्टअप रजिस्टर्ड हुए। इन स्टार्टअप ने इस अवधि में लगभग 7.68 लाख नौकरियां पैदा की। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्टार्टअप के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे है। जिसे दिल्ली और कर्नाटक को पीछे छोड़ दिया है। पिछले छह वर्षों में बनाए गए स्टार्टअप और बाद में रोजगार देने के मामले में महाराष्ट्र भारत की स्टार्टअप राजधानी के रूप में उभरा है। यह डाटा जनवरी 2016 के बाद की अवधि को कवर करता है, जब सरकार ने अपनी स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। मानसून सत्र में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 13,519 स्टार्टअप खड़े हुए और इन्होंने इस अवधि में 1.46 लाख नौकरियां पैदा की। कर्नाटक और दिल्ली दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। दक्षिणी राज्य कर्नाटक ने 8,881 स्टार्टअप और 1.03 लाख नौकरियां पैदा की। वहीं, दिल्ली में 8,636 स्टार्टअप और 87,643 नौकरियां पैदा हुईं। मंत्री ने कहा कि सरकार के पास स्टार्टअप्स द्वारा किए गए निवेश पर कोई केंद्रीकृत डाटाबेस नहीं है। हालांकि इंडियन प्राइवेट इक्विटी एंड वेंचर कैपिटल एसोसिएशन और प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस के डाटा के मुताबिक 2016 और 2020 के स्टार्टअप ने कुल 63 अरब डॉलर की राशि जुटाई है।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने संसद को बताया, दो इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनियों को नोटिस भेजा

### उनके जबाव आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट और हाइवेज मंत्रालय ने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनियों को नोटिस भेजा है। इन कंपनियों के स्कूटर में आग लगने के मामले सामने आए हैं। इन कंपनियों के सीईओ और एमडी को मंत्रालय की ओर से नोटिस भेजा गया है। गडकरी ने बताया कि मामले में कंपनी के सीईओ और एमडी के जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। मंत्रालय ने ईवी कंपनियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा था कि उनके खिलाफ एक्शन क्यों न लिया जाए। स्कूटर्स में फॉल्टी बैटरीज के चलते आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लोकसभा में प्रश्न के जवाब में गडकरी ने कहा कि मंत्रालय इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी के लिए सुरक्षा मानक तैयार करने के लिए एक्सपर्ट्स की एक कमेटी का गठन किया गया है। गडकरी ने कहा, मंत्रालय ने कंपनियों के सीईओ और एमडी को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत उन पर उचित कार्रवाई क्यों ना की जाए। आगे की कार्रवाई उनके जवाब देने के बाद होगी। मोदी सरकार की ओर से यह नोटिस तब जारी किया गया है जब इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में कई बार आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं जिनमें कई लोग जख्मी हुए हैं और कुछ मौत के मामले भी सामने आए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बैटरी की कीमत पर बात कर कहा, लिथियम-आयन बैटरी की कीमत तेजी से कम हो रही है, इसके लिए जिंक-आयन, एल्यूमीनियम-आयन, सोडियम-आयन बैटरी को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इलेक्ट्रिक स्कूटर, कार, ऑटो रिक्शा की कीमत पेट्रोल से चलने वाले स्कूटर, कार, ऑटो रिक्शा के बराबर होगी। उन्होंने कहा अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में सीवेज के पानी से हरित हाइड्रोजन बनाने की पहल करने के लिए कहा।

## फिर डरा रहा कोरोना, बीते 24 घंटे में 21,880 नए मामले सामने आए, 60 की जान गई

**नई दिल्ली।** महामारी कोरोना एक बार फिर तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रहा है। देश में पिछले 24 घंटों के अंदर कोरोना के 21,880 नए मामले सामने आए और 60 लोगों की मौत हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 1,49,482 हो गई है। एक दिन के अंदर 21,219 लोगों को कोरोना से निजात मिली। एक दिन पहले देश में कोविड के 21,566 नए मामले दर्ज हुए थे। कोरोना से बढ़ती मौतें चिंता बढ़ाने वाली हैं। शुक्रवार को सरकारी रिकॉर्ड में 60 मौतें दर्ज की गईं। ये एक दिन पहले से 15 ज्यादा हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के अंदर सबसे ज्यादा 7 मौतें छत्तीसगढ़ में हुई। इसके बाद महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 6-6 लोगों ने कोरोना की वजह से अपनी जान गंवाई। हिमाचल प्रदेश में 3 और असम, गुजरात, मणिपुर, मेघालय में 2-2 लोगों की सांसें थम गईं। यूपी, दिल्ली, बिहार, तमिलनाडु, राजस्थान, नगालैंड, केरल, कर्नाटक और गोवा में 1-1 व्यक्ति कोरोना के खिलाफ जंग हार गया। इसके अलावा, 21



मौतें केरल की हैं, जो पिछले दिनों हुई लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में अब चढ़ाई गई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक 5,25,930 लोग कोरोना की वजह से जान गंवा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के अंदर कोरोना से 21219 लोग ठीक हुए। इनमें सबसे ज्यादा केरल में 3188, बंगाल में 3124, महाराष्ट्र में 2400 और तमिलनाडु में 2290 ने कोविड को मात दी। बाकी राज्यों में ठीक होने वालों की संख्या 2 हजार से नीचे रही। देश में कोरोना से आंकड़ों में अब तक कुल 4,31,71,653 लोग ठीक हो चुके हैं।

## खास खबर

### पुलिस हिरासत में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत, परिजनों का आरोप पूछताछ के दौरान प्रताड़ित किया

**कोझिकोड।** सड़क दुर्घटना के सिलसिले में पुलिस हिरासत में लिए गए 42 वर्षीय व्यक्ति की वडाकारा में मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के दौरान पुलिस ने उसे प्रताड़ित किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पी पी सजीवन और उसके दो दोस्तों को पुलिस ने सड़क पर उपद्रव करने के आरोप में हिरासत में लिया था। वडाकारा के पास थेरुवथ में बृहस्पतिवार की रात उनकी कार की एक अन्य वाहन से टक्कर होने के बाद सजीवन और उसके दोस्तों का एक व्यक्ति के साथ विवाद हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने हिरासत में मौत के आरोप का खंडन कर कहा कि सजीवन को दिल का दौरा पड़ा था। पुलिस अधिकारी ने कहा, सजीवन और उसके दोस्तों और उनकी कार को आधी रात के आसपास थाने लाया गया। वे नशे में थे और खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर उन्हें इस हिदायत के साथ छोड़ दिया कि उन्हें गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है। पुलिस ने दावा किया कि घर जाते समय रास्ते में सजीवन को कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं महसूस हुईं।

### केरल में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्राओं और छात्रों के अलग विद्यालय नहीं

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्राओं और छात्रों के अलग-अलग विद्यालय नहीं होगा। बल्कि केवल 'को-एड' (सह-शिक्षा) स्कूल होगा। केरल की बाल अधिकार समिति ने राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों को यह आदेश दिया है. 'को-एड' स्कूल में लड़कियां और लड़के एक साथ पढ़ाई करते हैं। केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने एक ऐतिहासिक आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से दक्षिणी राज्य में केवल सह-शिक्षा संस्थान होने चाहिए। समिति ने एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका के आधार पर प्रमुख सचिव (सामान्य शिक्षा), सार्वजनिक शिक्षा निदेशकों और राज्य शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को इस संबंध में एक कार्य योजना पेश करने का आदेश दिया। आदेशानुसार, सह-शिक्षा प्रणाली के क्रियान्वयन संबंधी एक विस्तृत रिपोर्ट आयोग के समक्ष 90 दिन के भीतर प्रस्तुत करनी होगी।

### फरीदाबाद में एक युवक की गला रेतकर हत्या, हिंदू संगठन ने लगाया सड़क पर जाम

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस हत्या का बाद इलाके में तनाव फैल गया। हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए। सड़क जाम करके न्याय की मांग की। हिंदू संगठनों ने कहा कि जब तक आरोपी कमाल कुरैशी समेत अन्य को गिरफ्तार नहीं किया जाता वे अपना प्रदर्शन जारी रखने वाले हैं। प्रदर्शन के चलते कई किलोमीटर लंबा जाम लग लगा। देवेंद्र के जीजा आरएसएस से जुड़े हैं जिसके कारण मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगला गांव के रहने वाले देवेंद्र (35) वेल्डिंग का काम करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात को देवेन्द्र को तीन युवकों ने घर के बाहर मिलने के लिए बुलाया। जैसे ही देवेंद्र बाहर निकला धारदार हथियार से उसका गला काट कर हमलावर मौके से फरार हो गए थे देवेंद्र को अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर मिलेगा पेट्रोल डीजल, सीएनजी-पीएनजी सभी तरह का ईंधन, ईवी के लिए चार्जिंग स्टेशन पर बन रहे

### चार फ्यूल स्टेशन बनाने की तैयारी

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर सफर करने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आपका वाहन पेट्रोल डीजल या फिर सीएनजी-पीएनजी से चलता है या फिर किसी और ईंधन से तब परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब सभी तरह का ईंधन यमुना एक्सप्रेसवे पर बनने वाले चार फ्यूल स्टेशन पर मिलेगा। यमुना अथॉरिटी ने इसतरह के चार फ्यूल स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। आने वाली 15 अगस्त को फ्यूल स्टेशन के लिए जमीन का आवंटन कर दिया जाएगा। देश में पहली बार इसतरह के फ्यूल स्टेशन बनाने की तैयारी चल रही है, जहां पेट्रोल-डीजल, सीएनजी-पीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए चार्जिंग पाइंट भी होगा। अभी तक देश के किसी भी हिस्से में इसतरह के फ्यूल स्टेशन नहीं हैं, जहां इस तरह की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। यमुना एक्सप्रेसवे पर से बड़ी संख्या में चारों दिशाओं के वाहन गुजरते हैं। इतना ही नहीं आने वाले वक्त में यमुना



एक्सप्रेसवे पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ने जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से भी जोड़ा जाएगा। इसकारण सभी तरह के वाहनों का लोड बढ़ेगा और ईंधन की डिमांड भी बढ़ेगी। बीते साल दिल्ली-एनसीआर में वाहनों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन को लेकर एक सर्वे हुआ था। सर्वे के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। आंकड़े के मुताबिक लोग प्रदूषण को लेकर अलर्ट हो रहे हैं। गौतम बुद्ध नगर में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ी है। इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर दिल्ली-एनसीआर में सर्वे करने वाली एक कंपनी ने यह खुलासा किया था। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखकर यमुना एक्सप्रेस वे पर 10 चार्जिंग स्टेशन की जरूरत जाहिर की थी। कंपनी का कहना है कि सर्वे में सामने आया है कि दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोग दूसरे शहरों की यात्रा बहुत करते हैं, इसतरह वहां एक नई ई-कार खरीदते वक्त दिल्ली-एनसीआर के रास्ते में और दूसरे शहरों में उसके ईंधन की उपलब्धता के बारे में पहले सोचते हैं। शॉपिंग करते हुए या मूवी देखते हुए आप अपनी इलेक्ट्रिक कार या स्कूटी-बाइक को चार्ज करा सकते हैं।इसके लिए आपको अलग से वक्त नहीं निकालना होगा।

## भोलेनाथ की भक्त बनीं थाईलैंड की दो बहनें, कुशीनगर में कराया रुद्राभिषेक

**कुशीनगर।** भारतीय संस्कृति के आकर्षण से विदेशी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते। सावन के पावन माह में भगवान शिव की महिमा से प्रभावित होकर थाईलैंड का दो परिवार हर साल भारत आकर सावन में भगवान शंकर का रुद्राभिषेक कराते हैं। थाइलैंड की रहने वालीं दो बहनें फोनक्रान फंगफाओ और एर्री वीराथेस ने अपने बेटे बनपेट यम्मनीचाई के साथ यूपी के कुशीनगर में रामनगर स्थित शिव मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक किया। विदेशी महिलाओं द्वारा रुद्राभिषेक करना ग्रामीणों के लिए कौतूहल का विषय बन गया। इस रुद्राभिषेक को देखने के लिए शिव मंदिर पर भीड़ लगी रही। भगवान शंकर का रुद्राभिषेक करने के बाद थाई बहनों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले जब वे वाराणसी आई थीं, तभी उन्हें भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा पैदा हुई, जिसके बाद हर साल वे भारत में सावन महीने में आकर रुद्राभिषेक कराती हैं। दरअसल, थाईलैंड के सुफनबुरी बैंकाक का रहने वाला यह परिवार आखिर हिंदू धर्म को क्यों मानने लगा, यह भी बड़ा रोचक है। बताया जाता है कि थाईलैंड निवासी फोनक्रान फंगफाओ और एर्री वीराथेस का परिवार आर्थिक तंगी और अन्य परेशानियों में जी रहे थे। इस बीच वहां किसी भारतीय ने उन्हें भगवान शंकर की आराधना करने की सलाह दी। उस भारतवंशी ने उन्हें भगवान शंकर की तस्वीर देकर पूजा करने की विधि भी बताई। इसके बाद फोनक्रान फंगफाओ और एर्री वीराथेस के सपने में भगवान शंकर आने लगे। कुछ दिन पूजा करने के बाद परिवार की आर्थिक परेशानी दूर हुई तो पूरे परिवार ने पता करके वाराणसी आकर बाबा विश्वनाथ और मारकंडे महादेव का दर्शन किया।

## जयराम रमेश बोले- सोनिया गांधी से पूछने के लिए ईडी के पास नहीं बचे थे सवाल, इसलिए जाने को कहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की शीर्ष नेता और अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय गई थीं और उनसे 2-3 घंटे तक पूछताछ की गई, जिसके बाद ईडी अफसरों ने उन्हें जाने की इजाजत दे दी, क्योंकि उनके पास पूछने के लिए और कुछ नहीं था। यह बात वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने कही है। उन्होंने बताया कि ईडी ने उनसे कहा कि हमारे पास कोई सवाल नहीं, आप जा सकती हैं। मगर सोनिया जी ने कहा कि आपके जितने सवाल हैं, पूछिए, मैं रात 8-9 बजे तक रुकने को तैयार हूं। जयराम रमेश ने कहा, 'ईडी ने जांच रोक दी क्योंकि सोनिया गांधी ने अनुरोध किया था कि वह कोविड-19 से पीड़ित हैं, यह कहना निराधार है। पूछताछ खत्म हो गई क्योंकि ईडी के पास पूछने के लिए कुछ नहीं था। सोनिया जी ने कहा कि मैं एक कोविड पेशेंट हूं, मुझे दवा लेनी है। इसलिए मैं अपनी दवा लेने के लिए एक ब्रेक लेना चाहती हूं। मैं बैठने के लिए तैयार हूं और चाहे जो भी समय लगे, मैं जवाब देने के लिए तैयार हूं। लेकिन ईडी ने कहा कि हमारे पास पूछने के लिए और कोई सवाल नहीं है, इसलिए वह चली गईं।'

दरअसल, जयराम रमेश प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के हवाले से मीडिया में चल रही उन खबरों का खंडन कर रहे थे, जिसमें कहा गया कि नेशनल हेराल्?ड मामले में कांग्रेस अध्?यक्ष सोनिया गांधी के



निवेदन पर ईडी ने गुरुवार की पूछताछ जल्द खत्?म कर दी। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा कि ईडी के पास दोपहर 3 बजे के बाद कोई और सवाल नहीं थे। सोनिया गांधी द्वारा पूछताछ के लिए उपलब्ध रहने की पेशकश के बावजूद, ईडी ने पूछताछ समाप्त की। हमें शाम 4 बजे किंग्सवे कैंप पुलिस लाइन से निकलने की अनुमति दी गई। जयराम रमेश ने कहा, 'कांग्रेस प्रमुख ईडी के समक्ष पेश हुईं। करीब दो-ढाई घंटे वहां रहीं। उसके बाद ईडी ने कहा कि हमें और सवाल आपसे नहीं करने हैं, आप जा सकती हैं। तो सोनिया ने कहा, नहीं, जो भी आपके पास सवाल हैं पूछिए। मैं यहां 8 बजे, 9 बजे रात तक बैठने के लिए तैयार हूं। मैं कल भी आ सकती हूं। चूंकि मुझे दवाई लेनी है, मैं कोविड मरीज हूं, ऐसे में मुझे पहले से बता दीजिए कि कितने दिन आप मुझसे सवाल करेंगे।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लगभग 20 करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशवासियों से आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान अपने घरों से तिरंगा फहराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए हर घर



तिरंगा अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। शाह ने नागरिकों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों से तिरंगा फहराने की अपील की। शाह ने अपील कर कहा, हमारा राष्ट्रीय ध्वज न केवल हर भारतीय को जोड़ता है बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को भी मजबूत करता है। 22 जुलाई 1947 को तिरंगे के वर्तमान स्वरूप को अपनाने की घोषणा की गई थी। जैसा कि राष्ट्रीय ध्वज बनाया गया थ। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के साथ शाह ने कहा, देश भर के लगभग 20 करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा, जो नागरिकों, विशेषकर युवाओं में देशभक्ति की लौ को और प्रज्वलित करने का काम करेगा। 13 से 15 अगस्त तक उनके घरों से तिरंगा। ऐसा करने से हम युवाओं का तिरंगे के प्रति सम्मान और लगाव बढ़ा सकते हैं, साथ ही उन्हें आजादी के लिए लड़ने वाले बहादुर दिलों के बलिदान के बारे में जागरूक कर सकेंगे। इससे पहले दिन में, हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने के लिए, पीएम मोदी ने लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच घरों में तिरंगा फहराने या प्रदर्शित करने का आग्रह किया और कहा कि यह आंदोलन राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा करेगा।

## वन-टू-वन

### यूएई में होगा एशिया कप : गांगुली



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) प्रमुख सौरव गांगुली ने कहा है कि एशिया कप का आयोजन भारत में नहीं बल्कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होगा। वहीं इससे पहले श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने देश में जारी खराब आर्थिक हालातों को देखते हुए एशिया कप की मेजबानी में असमर्थता जाहिर कर दी थी। तब अटकलें थीं कि अब भारत में यह टूर्नामेंट हो सकता है पर गांगुली के बयान के बाद ऐसी सभी अटकलों पर विराम लग गया। गांगुली ने बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल मीटिंग के बाद कहा कि यह टूर्नामेंट यूएई में होना इसलिए भी तय है क्योंकि इस मौसम में वहां बारिश नहीं होती है। यूएई के अलावा बांग्लादेश का नाम भी मेजबानी की दौड़ में शामिल था। एशिया कप 2022 में इस बार 6 टीम भाग लेंगी। श्रीलंका, गत चैम्पियन भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने पहले ही टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया था। साल 1984 में शुरुआत के बाद से ही अब तक 14 बार इस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ है। इसे सबसे अधिक सात बार भारतीय टीम ने जीता है।

### सारा ने अर्जुन के साथ साझा की तस्वीर

**लंदन।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा और उनके भाई अर्जुन तेंदुलकर आजकल लंदन में हैं। सारा ने सोशल मीडिया में एक वीडियो साझा किया है। इसमें उनके भाई अर्जुन भी नजर आ रहे हैं। सारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ वीडियो साझा किये जिसमें वह अपने भाई अर्जुन के साथ एक रेस्टोरेंट में डिनर भी करती नजर आ रही हैं। सारा ने अर्जुन के साथ वाला एक तस्वीर साझा की है। इसमें वह फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस के मुन्ना भाई और सर्किट बने हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में नीचे मुन्ना भाई बने अभिनेता (संजय दत्त) और सर्किट बने अभिनेता (अरशद वारसी) भी नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में सारा सर्किट और अर्जुन मुन्ना भाई बने हैं। सारा ने इसी तस्वीर के नीचे मुन्नाभाई और सर्किट की तस्वीर भी लगाई हुई है। सारा और अर्जुन ने कपड़े भी मुन्नाभाई और सर्किट की तरह के ही पहने हुए हैं। सारा पढ़ाई के साथ ही मॉडलिंग भी कर रही हैं जबकि अर्जुन एक तेज गेंदबाज के तौर पर घरेलू क्रिकेट में खेलते हैं।

### फिक्की ने भारत की वृद्धि दर अनुमान घटाकर 7 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं की वजह से फिक्की ने वृद्धि दर के अनुमान में कमी की है। फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वे में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष के अंत तक मुख्य नीतिगत दर रेपो को बढ़ाकर 5.65 प्रतिशत करेगा। अभी रेपो दर 4.9 प्रतिशत है। यह सर्वेक्षण जून में किया गया था और इसमें उद्योग, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख अर्थशास्त्रियों को शामिल किया गया है।सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रह सकती है। फिक्की ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अधिकतम 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं न्यूनतम वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत है। फिक्की ने कहा ?कि वैश्विक अनिश्चितता और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को देखते हुए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत किया गया है। अप्रैल, 2022 के सर्वेक्षण में 7.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।

### क्रिप्टोकरेंसी इनसाइडर ट्रेडिंग का पहला मामला अमेरिका में सामने आया

**वॉशिंगटन।** अमे?रिका में क्रिप्टोकरेंसी में इनसाइडर ट्रेडिंग का पहला मामला सामने आया है। इसमें में दो भारतीय भाई और उनके एक भारतीय अमेरिकन दोस्त पर इसमें शामिल होने का आरोप लगा है। जानकारी के मुताबिक इस इनसाइडर ट्रेडिंग से इन लोगों ने लगभग 8 करोड़ रुपए अवैध तरीके से कमाए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 32 वर्षीय ईशान वाही और उसका 26 वर्षीय भाई निखिल वाही भारत के नागरिक हैं और सिएटल में रह रहे थे। वहीं उनका इंडियन अमेरिकन दोस्त 33 वर्षीय समीर रमानी ह्यूस्टन में रहता है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए संयुक्त राज्य अटॉर्नी डेमियन विलियम्स और फेडरल जांच ब्यूरो के न्यूयॉर्क फील्ड ऑफिस के असिस्टेंट डायरेक्टर-इन-चार्ज माइकल जे. ड्रिस्कॉल ने इस केस को ओपन करने की घोषणा की। इस मामले में वाही ब्रदर्स और रमानी पर फ्रॉड कॉन्सपिरेसी और क्रिप्टोकरेंसी एसेट में इनसाइडर ट्रेडिंग का चार्ज लगा है। इन तीनों ने क्वॉइनबेस एक्सचेंज पर लिस्ट होने वाली क्रिप्टो एसेट को लेकर गुप्त सूचनाएं लीक की। सिक्यूरिटी एंड एक्सचेंज कमिशन ने इन तीन लोगों के खिलाफ इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोपों की घोषणा की। वाही बंधुओं को सिएटल में गिरफ्तार किया गया। इनको वाशिंगटन के जिला कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस मामले में आरोपियों ने कम से कम 25 अलग-अलग क्रिप्टो एसेट में अवैध व्यापार किया और लगभग 1.5 मिलियन अमरीकी डालर का अवैध प्रॉफिट कमाया है। ईशान वाही पर वायर फ्रॉड की साजिश के दो और वायर फ्रॉड के दो मामले दर्ज हैं। इनमें में से प्रत्येक में अधिकतम 20 वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसी तरह निखिल वाही और रमानी पर वायर फ्रॉड की साजिश का एक और वायर फ्रॉड का एक आरोप लगाया गया है।

# अब घरेलू क्रिकेटरों के लिए इनामी राशि बढ़ाएगी बीसीसीआई

### रणजी ट्रॉफी में लागू होगा डीआरएस देवधर ट्रॉफी का आयोजन अब नहीं होगा

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब घरेलू क्रिकेटरों के लिए इनामी राशि बढ़ाने जा रही है। बीसीसीआई ने एक बैठक में शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी सहित सभी टूर्नामेंटों के लिए इनामी राशि बढ़ाने का फैसला किया है। बोर्ड आईपीएल प्रसारण अधिकारों से हुई अच्छी कमाई का इस्तेमाल घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने में करना चाहता है। यह फैसला मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल की बैठक में किया गया। इसके तहत रणजी ट्रॉफी विजेता मध्य प्रदेश की क्रिकेट टीम को 2 करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि अपेक्स काउंसिल ने बोर्ड के पदाधिकारियों को संशोधित पुरस्कार राशि पर फैसला करने का अधिकार दे दिया है। रणजी ट्रॉफी में अब पहले की तरह टीमों को एलीट और प्लेट ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके अलावा रणजी ट्रॉफी में डिसीजन रिव्यू सिस्टम यानी डीआरएस के




इस्तेमाल की भी संभावना है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, अपेक्स काउंसिल ने अगले सीजन से रणजी ट्रॉफी के मुकाबलों में डीआरएस लागू करने को लेकर बात की है। इस साल रणजी ट्रॉफी के दौरान अंपायर के कई फैसलों पर सवाल उठे थे. इसके बाद से ही इस टूर्नामेंट में डीआरएस लागू करने की मांग उठ रही थी। इसी वजह से बीसीसीआई इसे इसी सत्र से लागू करने पर विचार कर रही है।

अधिकारी ने कहा, बीसीसीआई अगले सत्र के लिए डीआरएस प्रणाली को लागू करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गई है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो बीसीसीआई के सभी लाइव मुकाबलों के लिए डीआरएस लाना होगा। वहीं रणजी ट्रॉफी के लिए, बीसीसीआई ने कोरोना से पहले की तरह एलीट और प्लेट समूह को दोबारा शुरू करने का फैसला किया है। 32 टीमों को आठ-आठ के चार एलीट ग्रुप में बांटा जाएगा जबकि छह टीमें प्लेट ग्रुप में रहेंगी। प्लेट ग्रुप फाइनल के विजेताओं को रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में जगह मिलेगी। वहीं, रेलिगेशन सिस्टम भी दोबारा शुरु किया जाएगा। इस साल रणजी ट्रॉफी दिसंबर में शुरू होगा और टीमें होम और अवे होम आधार पर खेलेंगी।

वहीं इस बैठक में देवधर ट्रॉफी को आगे आयोजित नहीं कराने का फैसला लिया गया है। पहली बार साल 1973-74 में इसका आयोजन हुआ था। देवधर ट्रॉफी लिस्ट-ए टूर्नामेंट है, जिसमें इंडिया-ए, बी और सी टीमें भाग लेती हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, देवधर ट्रॉफी को घरेलू क्रिकेट कैलेंडर से हटाने का फैसला व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम के कारण लिया गया। सितंबर से शुरू होने वाले घरेलू क्रिकेट सीजन में काफी सारे मुकाबले खेले जाने हैं। ऐसे में व्यस्त कार्यक्रम में हमारे पास देवधर ट्रॉफी के लिए विंडो नहीं था, इसलिए इसे हटाना पड़ा। बीसीसीआई इस घरेलू सीजन में ऐज ग्रुप क्रिकेट को मिलाकर 1773 मुकाबले कराएगी। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल की बैठक में कई घरेलू टूर्नामेंट के फॉर्मेट पर भी चर्चा हुई। अब दिलीप ट्रॉफी जोनल फॉर्मेट में खेली जाएगी।

## जमैका की जैक्सन ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**यूजीन।** जमैका की शेरिका जैक्सन ने महिलाओं की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। जैक्सन ने 21.45 सेकंड का समय निकाला जो अब तक का दूसरा सबसे तेज समय है। वहीं फ्रेजर प्राइस ने 21.81 सेकंड समय निकलकर रजत पदक हासिल किया। प्राइस ने 100 मीटर की रेस में स्वर्ण जीता था। तीसरे स्थान पर रही ब्रिटेन की दीना आसेर स्मिथ ने कांस्य पदक अपने नाम किया। जैक्सन ने जीत के बाद कहा, 'मैं जानती थी कि मुझे स्वर्ण मिले। इसके लिए मैंने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। जमैका ने इस तरह महिलाओं की दौड़ में 6 में से कुल 5 पदक जीते हैं। जैक्सन की जीत के बाद विश्व के सबसे तेज धावक जमैका के उसेन बोल्ट ने अपने देश के दो झंडो के फोटो के साथ ट्वीट करते हुए लिखा ब्रिलियंट। जैक्सन ने इस जीत के साथ ही सियोल में 1988 के ओलंपिक में फ्लोरेंस ग्रिफिथ जोएनर द्वारा बनाया 21.34 सेकंड और नीदरलैंड के डेफने शिपर्स द्वारा बनाए गए 21.63 सेकंड के पुराने विश्व चैम्पियनशिप रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। किंबर्ली गार्सिया ने 20 किमी रेस वॉक में स्वर्ण पदक जीता। 10,000 मीटर में लेटेसेंबेट ने स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर रेस में शैली एन्न ने स्वर्ण पदक जीता। डिस्कस थ्रो में बीन फेंग ने स्वर्ण पदक हासिल किया। 3000 मीटर स्टे प्लेसेस में नूरा जरूर दो ने स्वर्ण पदक जीता। ऊंची कूद में एलियन पैटर्नसन ने स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह सौ मीटर में फेथ कीपिएगोन ने स्वर्ण पदक जीता। ट्रिपल जंप में यूलीमर रोजास ने नाम किया।

# ऋषभ वजन कम करें : शोएब अख्तर



लाहौर।

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कुछ समय के अंदर ही विश्व क्रिकेट में अपनी अलग जगह बनाने में सफल रहे हैं। अब पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने ऋषभ की जमकर तारीफ की है। शोएब के अनुसार ऋषभ एक निडर क्रिकेटर हैं जो कहीं शॉट लगाने में सक्षम हैं पर उन्हें और बेहतर होने के लिए अपनी फिटनेस पर ध्यान देते हुए वजन कम करना होगा।

अख्तर ने कहा, ऋषभ के पास कट शॉट, पुल शॉट, रिवर्स स्वीप, स्लॉग स्वीप और पैडल स्वीप जैस शॉट हैं। उसने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में मैच विजेता पारियां खेली हैं। इस दौर भारत को अपने बल पर सीरीज भी जितायी है।' साथ ही कहा कि उन्हें अपना वजन कम करने के बारे में सोचना होगा क्योंकि वह अपने खेल से एक आदर्श क्रिकेटर बन सकते हैं। अख्तर ने कहा कि इस युवा बल्लेबाज का वजन थोड़ा अधिक है। मुझे उम्मीद है कि वह आने वाले समय में इसका ध्यान रखेगा, क्योंकि भारतीय बाजार बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि वह अच्छा दिखता है। वह एक मॉडल बन सकता है और करोड़ों कमा सकता है क्योंकि जब भी कोई व्यक्ति भारत में सुपरस्टार बनता है, तो उस पर बहुत बड़ा निवेश किया जाता है। पाक गेंदबाज ने कहा कि ऋषभ के पास आक्रमण की जो क्षमता है वह वह विरोधी टीम को परेशानी में डाल देती है। इंग्लैंड के खिलाफ उसने हालात के हिसाब से पारी को आगे बढ़ाया और फिर आक्रामक रुख अपना लिया। वह अपने अनुसार जब भी चाहे पारी को तेजी से आगे ले जाने में सक्षम है और यही उसकी ताकत है।

### सकारिया और मुकेश ऑस्ट्रेलियाई टी20 मैक्स टूर्नामेंट में खेलेंगे

**ब्रिस्बेन।** भारत के दो उभरते हुए तेज गेंदबाजों चेतन सकारिया और मुकेश चौधरी को अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 मैक्स टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिला है। टी20 मैक्स टूर्नामेंट 18 अगस्त से चार सितंबर तक चलेगा। इन दोनों ने ही आईपीएल के पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेला था। ये दोनों खिलाड़ी 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ब्रिस्बेन में रहेंगे। टी20 मैक्स टूर्नामेंट अगस्त में होना है। सीए ने अपने एक बयान में कहा, 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' और सीए के बीच खिलाड़ियों को अवसर देने और कोचिंग का आपसी सहयोग दो दशक से जारी है। सकारिया ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेला था। वहीं मुकेश ने इस साल के आईपीएल में 13 मैचों में 16 विकेट लेकर सबका ध्यान खींचा था।

# विराट अभी भी विरोध गेंदबाजों को धवस्त करने में सक्षम : पोंटिंग




**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारतीय टीम को अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अभी टीम में बनाये रखना चाहिये। पोंटिंग के अनुसार अभी विराट में काफी क्रिकेट बाकि है। इसके साथ ही वह विरोधी टीम के गेंदबाजों पर प्रभाव बनाने में सक्षम हैं।

विराट पिछले काफी समय से लय में नहीं हैं। इस कारण टीम में उनकी जगह भी खतरे में पड़ गयी है। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने विराट को हटाये जाने की मांग की है। विराट दो साल से अधिक समय से कोई शतक नहीं लगा पाये हैं। हाल में इंग्लैंड दौरे में भी वह रन बनाने में नाकाम रहे हैं। इस सबके बाद भी पोंटिंग का मानना है कि यह पूर्व कप्तान अब भी विरोधी टीम के गेंदबाजों पर कहर ढ़ा सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, ÷मुझे लगता है कि अगर मैं एक कप्तान या विपक्षी खिलाड़ी होता, तो मुझे विराट कोहली वाली भारतीय टीम से खेलने में डर लगता।÷ उन्होंने साथ ही कहा, ÷मुझे पता है कि उनके लिए यह खराब दौर है लेकिन इस खेल में मैंने जितने भी महान खिलाड़ी देखे हैं, वे किसी न किसी स्तर पर इस प्रकार के दौर से गुजरे हैं, चाहे वह बल्लेबाज हो या गेंदबाज, वे सभी कठिन समय से गुजरे हैं।÷ साथ ही कहा कि भारतीय टीम के कोचिंग स्टॉफ को अपने इस स्टार खिलाड़ी में विश्वास कायम करने का प्रयास करना चाहिये।

## बिजली की मांग पूरी करने आयात होगा 7.6 करोड़ टन कोयला

### आने वाले दिनों में बिजली का प्रति यूनिट खर्च 50-80 पैसे बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की मांग पूरी करने के लिए सरकार 7.6 करोड़ टन



कोयला आयात करने की तैयारी में है। दरअसल, देश के पावर प्लांट के पास घरेलू खदानों से आए कोयले की कमी हो गई है और मांग के अनुरूप बिजली का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। माना जा रहा है कि मानसून की बारिश की वजह से अगस्त और सितंबर में कोयले का उत्पादन और प्रभावित होगा। ऐसे में मांग को पूरा करने के लिए सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड करीब 1.5 करोड़ टन कोयले का आयात करेगी। इसके अलावा देश में बिजली उत?पादन की सबसे बड़ी कंपनी एनटीपीसी और दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) भी करीब 2.3 करोड़ टन कोयले के आयात की योजना बना रही है। साथ ही अन?य सरकार और निजी बिजली उत्पादन कंपनियां भी अपनी खपत पूरी करने के लिए 3.8 करोड़ टन कोयले का आयात कर सकती हैं। इस तरह साल 2022 में ही देश में करीब 7.6 करोड़ टन कोयले का आयात होगा, जो वैश्विक बाजार की कीमत पर होना है। कोयला आयात करने से बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियां इस बढ़ी लागत को उपभोक्ताओं से वसूलेंगी और उनके बिल पर बोझ बढ़ जाएगा. अनुमान है कि आने वाले दिनों में बिजली का प्रति यूनिट खर्च 50-80 पैसे बढ़ेगा।

## अब आ रही साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी, बैंक खाते या वॉलेट से चोरी वाले नुकसान को करेगी कवर

**नई दिल्ली।** देश में अब साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी का भी पदार्पण हो गया है। भारत में अभी साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी ज्यादा प्रचलित नहीं है। इंटरनेट के बढ़ रहे उपयोग के कारण अब साइबर क्राइम भी बहुत बढ़ गए हैं। इसलिए अगर आप इंटरनेट पर ज्यादा समय बिताते हैं, ऑनलाइन शॉपिंग और नेट बैंकिंग का इस्तेमाल करते हैं या आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काफी सक्रिय हैं तो आपके लिए साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी लेना बहुत जरूरी है। एक साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी आपके बैंक खाते या वॉलेट से चोरी होने वाले नुकसान को तो कवर करती ही है साथ ही यह साइबर बुलिंग और साइबर एक्सटॉरशन से पॉलिसीधारक को हुई हानि की क्षतिपूर्ति करती है। इसके अलावा साइबर क्राइम से लगे मानसिक आघात का इलाज खर्च भी साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी में कवर होता है।




एक रिपोर्ट के अनुसार, साइबर इंश्योरेंस की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने भी एक नई पॉलिसी साइबर वॉल्टएज लॉन्च की है। यह पॉलिसी भी पॉलिसीहोल्डर को साइबर लॉसेस से कवर देगी। ग्लोबल इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, लाइबेलिटी मनोज कुमार एएस का कहना है कि जिस व्यक्ति का भी बैंक में खाता है, उसे साइबर इंश्योरेंस की जरूरत है। साइबर इंश्योरेंस आज बहुत जरूरी हो गया है। एसबीआई की साइबर वॉल्टएज साइबर इंश्योरेंस पॉलिसी बीमाधारक को काफी विस्तृत कवर प्रदान करेगी। यह बैंक अकाउंट या वॉलेट से पैसे चोरी होने, धोखाधड़ी से किसी द्वारा ऑनलाइन पैसे हड़पने पर हुए नुकसान की भरपाई तो करेगी ही साथ ही साइबर बुलिंग और साइबर एक्सटोर्सन की भरपाई भी करेगी। साइबर बुलिंग इंटरनेट के माध्यम से होने वाला शोषण है। इसमें किसी को धमकी देना, उसके खिलाफ अफवाह फैलाना, भद्दे कमेंट व घृणास्पद बयानबाजी करना, अश्लील भाषा, फोटो का गलत इस्तेमाल आदि काम किया जाते हैं।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद

### 10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की पूंजी

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को भारी उछाल के साथ ही बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग, फाइनेंस शेयरों में खरीदारी से बाहर ऊपर आया है। कारोबार के दौरान ऑटो, रियल्टी और एफएमजी शेयरों में बढ़त से भी बाजार को बल मिला हालांकि आईटी, एनर्जी, फार्मा शेयरों में गिरावट से बाजार पर अंकुश लगा रहा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई संसेक्स 390.28 अंक करीब 0.70 फीसदी की बढ़त के साथ ही 56,072.23 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला निफ्टी 114.20 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी की बढ़त के साथ ही 16719.85 के स्तर पर बंद हुआ।




बाजार में जारी उछाल से इस सप्ताह निवेशकों को जबरदस्त लाभ हुआ है ओर उनकी पूंजी करीब 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ी है। बीएसई की लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 2,60,93,602.82 करोड़ रुपये था। गत 6 कारोबारी सत्र में बीएसई की लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 9,76,749.78 करोड़ रुपये बढ़कर 2,60,93,602.82 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में 10,27,622.17 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

देश में महंगाई दर में भी कुछ कमी आई है। बाजार जानकारों के अनुसार अगले माह होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो रेट बढ़ सकता है पर ब?याज दरों में कमी हो सकती है। वहीं कारोबार संगठन फिक्की ने भारत की विकास दर जीडीपी ग्रोथ रेट में कमी की आशंका जतायी है। फिक्की ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 7 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया है। दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तथा चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहे। वहीं यूरोप के प्रमुख बाजार शुरूआती कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस तेजी से बंद हुए। बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी निवेश में वृद्धि और ठोस तिमाही परिणामों से घरेलू मांग बढ़ रही है। बड़े पैमाने पर खरीददारी के साथ मजबूत तिमाही परिणामों के कारण बैंक शेयरों में खरीदारी हुई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 फीसदी घटकर 103.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## सकारात्मक कारणों के कारण निफ्टी ऑटो इंडेक्स अपने लाइफ टाइम हाई पर

**मुंबई।** निफ्टी ऑटो इंडेक्स इनदिनों अपने लाइफ टाइम हाई पर है। लाइफ टाइम हाई भी इंडेक्स ने इसी हफ्ते छुआ है। ऑटो शेयरों, विशेष रूप से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प और मारुति सुजुकी के शेयरों में ताजा खरीदारी के कारण निफ्टी ऑटो इंडेक्स अपने उच्चतम स्तर 12,660 के करीब पहुंचा है। भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्सों की तुलना में, निफ्टी ऑटो ने पिछले एक महीने में जोरदार रिटर्न दिया है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने अवधि में लगभग 5.50 प्रतिशत रिटर्न दिया है, जबकि निफ्टी ऑटो इंडेक्स ने अवधि में 14 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है। बाजार जानकारों के मुताबिक निफ्टी ऑटो इंडेक्स को 12,100 पर मजबूत सपोर्ट है। अनुमान है कि अगले एक पखवाड़े में यह 13,000 के स्तर को छू सकता है। उन्होंने कहा कि महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से ओपन हुई है, भारतीय ऑटो कंपनियां ईवी सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और वर्तमान जियोपॉलिटिकल सेटअप भारतीय ऑटो उद्योग के लिए अनुकूल है। इन सकारात्मक कारणों के साथ ही ऑटो सेक्टर को शेयर बाजार का भी सपोर्ट मिला। जानकारों ने कहा कि कोई भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों को किसी भी गिरावट पर खरीद सकता है। इस मध्यम से लंबी अवधि के लिए शानदार रिटर्न के लिए रख सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड के बाद खुल रही है। महामारी ने मिलेनियल्स पर काफी प्रभाव डाला है और उनकी लाइफ स्टाइल बदली है।

# शिवांगी जोशी ने शेयर किया चौंकाने वाला वीडियो



फेमस टीवी सीरियल 'यह रिश्ता क्या कहलाता है' एक लंबे समय से छोटे पर्दे पर राज कर रहा है. शो को फैंस के बीच काफी पसंद भी किया जाता है. इस शो से कई कलाकारों को पहचान मिली है. अब इस लिस्ट में शिवांगी जोशी भी शामिल हो गई हैं. शिवांगी जोशी इन दिनों शो में लीड रोल में नजर आ रही हैं. ऐसे में शिवांगी ने अब अपने फैंस के लिए एक खास वीडियो शेयर किया है. हिना खान के बाद लीड रोल में नजर आ रहीं 26 साल की शिवांगी आए दिन अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट आदि करती रहती हैं. ऐस में शिवांगी ने अब एक रील वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है. सीरियल में एक मिच्योर बहू रानी के रोल में शिवांगी नजर आ रही हैं. हाल ही में शिवांगी ने इंस्टा रील के एक ट्रेंड को अपनाकर वीडियो फैंस के लिए शेयर किया है. इस वीडियो में सोल मेट की बात करने के बाद वह तेरी नजरों ने दिल को कियाज़.गाने पर वह लिपसिंग करती दिख रही है. एक दौरान वह सूट पहने नजर आ रही हैं और उनके बालों में सफेद फूला लगा दिख रहा है. इस दौरान एक्ट्रेस के एक्सप्रेस गजब के नजर आ रहे हैं. शिवांगी वीडियो में मुस्कराती दिख रही हैं. उनका ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है. यही कारण है कि वीडियो तेजीसे वायरल हो रहा है. आपको बता दें कि शिवांगी ने अपने करियर की शुरुआत 2013 में खेलती है 'जिंदगी आंख मिचौली सीरियल' से की थी, लेकिन एक्ट्रेस को पहचान बेगूसराय शो से मिली. नायरा का रोल हाल ही में शिवांगी ने छोड़ा है.वहीं, शो में शिवांगी के अपोजिट मोहसिन खान हैं जिनके साथ उनके अफेयर की बातें सामने आती रही हैं. कहा जा रहा है कि दोनों शो के दौरान ही एक दूसरे के करीब आए हैं. हालांकि दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई है. आपको ये भी बता दें कि एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 4.3 फॉलोअर्स हैं।

## बुरे वक्त के बीतने तक हमें पॉजिटिव बने रहना है : सलमान खान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने देश में जारी कोरोनावायरस महामारी की दूसरी लहर के दौरान कुछ ऐसी बातें कही हैं, जिनसे उनके प्रशंसकों में उम्मीदों का संचार होगा। सलमान कहते हैं, मैं बस इतना ही कहूंगा कि जब तक यह बुरा वक्त नहीं बीत जाता है, तब तक हमें पॉजिटिव बने रहना है। यह एक दौर है, जो बीत जाएगा। मैं जानता हूं कि हम सभी इस वक्त एक मुश्किल घड़ी में से होकर गुजर रहे हैं, लेकिन हमें विश्वास बनाए रखना है और यथासंभव एक-दूसरे की मदद करते रहना है। इस बीच सलमान खान छोटे पर्दे पर अपने मशहूर दबंग किरदार इंस्टेक्टर चुलबुल पांडे के एनिमेटेड अवतार के लिए काफी रोमांचित हैं। दबंग : द एनिमेटेड सीरीज सलमान से सलमान के प्रशंसकों का खूब मनोरंजन होने वाला है।



**सलमान कहते हैं, दबंग :** द एनिमेटेड सीरीज दबंग का एक रूपांतरण और पुनर्कल्पना है। इस एक्शन-कॉमेडी सीरीज में चुलबुल पांडे के दिन-प्रतिदिन की जिंदगी के बारे में दिखाई जाएगी, जो शहर को सुरक्षित रखने के लिए बुराई का सामना करते हैं। इसमें उनके साथ उनका छोटा भाई भी शामिल है, जो पुलिस फोर्स में नया शामिल हुआ है और जो हर मुश्किल परिस्थिति में अपने बड़े भाई का अनुकरण करने का प्रयास करता है।

**कॉसमॉस-माया और अरबाज खान प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित दबंग:** द एनिमेटेड सीरीज डिज्नीप्लस हॉटस्टार वीआईपी पर स्ट्रीम होती है।

## इतराती चाल के साथ खुद के मूव्स करती दिखाई दी सनी लियोनी



बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोन ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी प्रफुल्लित करने वाली चाल दिखायी दी और वह खुद के मूव्स बनाती नजर आईं। सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। क्लिप में वह जोश में टहलती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने मैटेलिक गोल्ड कलर का लहंगा पहना हुआ है। सनी ने कैप्शन में लिखा, जब आपके पास कोई मूव्स नहीं हो, और आप खुद के मूव्स के मालिक हो। हैश टैग सनी लियोनी हैश टैग बिहाइंड द सीन हैशटैग ऑनसेट। अभिनेत्री ने यह साझा नहीं किया कि ये कि प्रोजेक्ट के पर्दे के पीछे का वीडियो है।

# स्नेहा उल्लाल बहुत जल्द नेटफ्लिक्स की एक सीरिज में आएंगी नजर



बॉलीवुड में ऐसी कई एक्ट्रेस रही हैं जिन्होंने महज एक फिल्म करने के बाद बॉलीवुड से अपना नाता तोड़ लिया. जी हां इस कड़ी में हम आपके लिए लेकर आए आज बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस स्नेहा उल्लाल की कहानी. सलमान खान की फिल्म लकी-नो टाइम फॉर लव से स्नेहा उल्लाल ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था. इस फिल्म को बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी सफलता तो हाथ नहीं लगी. लेकिन एक्ट्रेस क तुलना ऐश्वर्या राय बच्चन से जरूर शुरू हो गई।

स्नेहा उल्लाल की ये डेब्यू फिल्म 2005 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म से एक्ट्रेस चर्चा में जरूर आई थीं. लेकिन इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड को अलविदा कह दिया था. वो पूरी तरह से गायब हो गई थीं. लेकिन इस बीच उन्होंने तेलुगू फिल्मों में जमकर काम किया. लेकिन वो बॉलीवुड से दूर ही रहीं।

एक्ट्रेस ने कुछ साल पहले खुलासा किया था. उन्होंने बताया था कि मैं एक बात साफ कर दूं, मुझे बॉलीवुड में किसी वापसी की जरूरत नहीं है. क्योंकि वापसी उस वक्त होती है जब आप किसी चीज को जानबूझकर छोड़ देते हैं, और दोबारा वापस आने की कोशिश करते हैं, लेकिन मैंने कभी इंडस्ट्री को नहीं छोड़ा. मैं फिल्मों से दूर बस अपनी बिगड़ी तबीयत के चलते गई थी।

एक्ट्रेस ने आगे बताया था कि उन्हें खून से जुड़ी बीमारी हुई है जिसका नाम 'ऑटो-इम्यून डिसऑर्डर' है. इस बीमारी के चलते उनका अपना इम्यून सिस्टम ही उन्हें बीमार रखता था. उन्होंने बताया कि उनका खून बहुत पतला भी हो गया था. जिस वजह से एक्ट्रेस 30 से 40 मिनट से ज्यादा खड़ी भी नहीं हो पाती थीं. यही वजह थी कि एक्ट्रेस को काम छोड़ना पड़ा। आपको बता दें, स्नेहा उल्लाल की तबीयत अब पहले से काफी ठीक है, जहां एक्ट्रेस एक बार फिर सिनेमा की तरफ बढ़ रही हैं. खबर है कि एक्ट्रेस बहुत जल्द नेटफ्लिक्स की एक सीरिज में नजर आएंगी. वहीं वो लगातार फिल्मों में मौके भी तलाश कर रही हैं।

# भले ही घर पर त्वचा टैन हो? नियमित रूप से सनस्क्रीन का प्रयोग करें

इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए पूरे देश में लॉकडाउन किया गया है। एक तरफ कोरोना की आंखें लाल हैं तो दूसरी तरफ वर्क फ्रॉम होम और वर्क फॉर होम के दबाव में वह अचंभित है। बहुत से लोग त्वचा संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं। ज्यादातर दावा, गर्मियों में घर पर भी त्वचा रूखी होती है और त्वचा पर टैन पड़ रहा है। जानकारों का कहना है कि घर में रहने की वजह से कोई भी बिना जरूरत के त्वचा की उस तरह से देखभाल नहीं कर रहा है। जिससे भविष्य में एक से अधिक समस्या उत्पन्न हो सकती है।

### कैसे?

त्वचा विशेषज्ञ ने को बताया, 'सूरज की रोशनी खिड़कियों और पर्दों में तो घुस जाती है लेकिन घर में घुस जाती है। कई ऐसे हैं जो खिड़की के पास बैठकर ऑफिस का काम कर रहे हैं। आप यह सोचकर अपनी त्वचा की देखभाल नहीं कर रहे हैं कि आप घर पर हैं। एक और समय किचन में भीषण आग के सामने लंबा समय बिताना। इन दो कारणों से खासतौर पर त्वचा में टैन हो रहा है। और सूखे होने के कई कारण होते हैं। उदाहरण के लिए, बहुत से लोग एसी चला रहे हैं क्योंकि यह गर्म है। फिर से, अतिरिक्त उपकरणों का उपयोग करने के परिणामस्वरूप, उनकी ब्लू-रे त्वचा को सुखा देती है। वहीं एसी में जमा गंदगी और अंदर की हवा में धूल भी त्वचा के छिद्रों में जमा हो सकती है और मुंहासे पैदा कर सकती है। अगर आप घर पर हैं तो भी जिन्हें इस समय इस तरह की त्वचा की समस्या है, वह इस वजह से हैं। इसलिए उचित देखभाल की जानी चाहिए। नहीं तो कम उम्र में ही त्वचा पर झुर्रियां, दाग-धब्बे और पिग्मेंटेशन दिखने लगेंगे।



### त्वचा की देखभाल कैसे करें?

'1. सबसे पहले, मैं रोज़ सनस्क्रीन का उपयोग करने की सलाह दूंगा।

2. सन टैन ही नहीं अतिरिक्त उपकरणों का प्रयोग भी त्वचा पर अपनी छाप छोड़ता है। थके हुए दिख रहे हो। सनस्क्रीन भी इसे कम करने में मदद करता है।

3. गर्म होने पर भी त्वचा की नियमित देखभाल करनी चाहिए। खासकर जो लोग एसी के नीचे रहते हैं, उन्हें अपनी त्वचा को हर दिन हाइड्रेट रखने की जरूरत होती है।

4. जैसे आप बाहर जाते समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं, वैसे ही मैं आपको हर सुबह अपने चेहरे को अच्छी तरह से साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाने की सलाह दूंगा।

### इसके अलावा

1. नियमित रूप से 8 गिलास पानी पिएं। यह शरीर से अतिरिक्त विषाक्त पदार्थों को निकालता है। शरीर और त्वचा दोनों हाइड्रेट रहते हैं।


2. अगर आपको मुंहासों की समस्या है तो जेल आधारित उत्पादों का उपयोग करें, क्रीम का नहीं।

3. पैराबेन, सोडियम लौरेल सल्फ़ेट मुक्त उत्पादों का उपयोग करना चाहिए।

4. अपने चेहरे को दिन में कम से कम दो बार अच्छी तरह साफ करें। ऐसे में आपको सबसे पहले गर्मियों में अपनी स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का चुनाव करना होगा।

5. एक विशिष्ट आहार बनाए रखें। बहुत अधिक तैलीय भोजन करने से अक्सर मुंहासे हो जाते हैं।

# अच्छा हुआ मैं सलमान, शाहरुख या आमिर की तरह सफल नहीं हुआ: सैफ अली खान



सैफ अली खान ने यूं तो अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, लेकिन उन्हें बॉलीवुड की खान तिकड़ी यानी सलमान, शाहरुख या आमिर की तरह प्रसिद्धि नहीं मिली। बॉलीवुड में जब भी खान नाम लिया जाता है तो सभी के मन में आमिर, शाहरुख और सलमान का नाम आता है। सैफ ने अपने हालिया इंटरव्यू में बॉलीवुड के तीनों खान से कम सफल होने को लेकर बात की है। सैफ ने कहा, मुझे यह कहना होगा कि शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान पैदा ही एक्टर बनने के लिए हुए। मुझे लगता है कि उनका यह बचपन से ही एक लक्ष्य होगा। जैसी सफलता उन्होंने पाई है, वे इसके हकदार हैं। उन्होंने कहा, मैं सलमान, शाहरुख और आमिर की तरह सफल नहीं हुआ, यह मेरे लिए अच्छा साबित हुआ क्योंकि इसकी बदौलत मुझे अपने किरदारों के साथ प्रयोग करने की आजादी मिली। सैफ ने कहा, मैं फिल्मों में उस वक्त आया, जब आप या तो सुपरस्टार बनने का लक्ष्य बनाते हैं या फिर आपको फर्क नहीं पड़ता। अलग तरह के किरदार, बारीकियां... इन सबसे मतलब नहीं था, ये सब तो अब हो गया है। उन्होंने कहा, अब मैं किरदारों के साथ ज्यादा प्रयोग करने लगा हूं। वजह यह है कि अब अभिनय में मेरी दिलचस्पी बढ़ गई है। इसे लेकर मेरी समझ भी बढ़ गई है। सैफ ने अक्षय कुमार की तारीफ भी की। दोनों ने ये दिल्लगी, मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी और टशन जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। सैफ ने कहा, अक्षय ने मुझे और मैंने अक्षय को पर्दे पर पूरा किया है। हमने इंडस्ट्री में अपना अलग रास्ता बनाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यही कारण है कि हम दोनों आज भी एक-दूसरे को इतना पसंद करते हैं। हमें यह महसूस होता है कि हम एक-दूसरे के कर्जदार हैं। सैफ की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म बंटी और बबली 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी जोड़ी रानी मुखर्जी के साथ बनी है

# रसीले खुशबूदार आम का यह केमिकल आपको कर सकता हैं परेशान



आम के दीवानों के लिए ये मौसम सबसे रोमांचक होता है। कच्चे, सौंधी महक वाले आमों से लेकर मीठे रसीले, हर किस्म के आम मार्केट में नजर आते हैं।हम लोगों को आम से कुछ ज्यादा ही प्यार है,इसकारण अभी भी पूरा परिवार साथ बैठकर आम खाना पसंद करता है। लेकिन क्या कभी आपके साथ या किसी पहचान वाले को ऐसा हुआ है कि उसने आम खाए हों और उसके होठों के नीचे छाले पड़ गए हों? ऐसा दरअसल आम से होने वाली एक एलर्जी की वजह से होता है। आम के छिलके में एक खास किस्म का केमिकल पाया जाता है।जब यह केमिकल आम खाते हुए हमारी त्वचा से छूता है,तब इसका रिएक्शन होता है जिससे होंठ और उसके आस-पास के हिस्से में छाले हो जाते हैं। इस केमिकलका नाम है उरुशियोल है। यह एक एलर्जी करने वाला केमिकल है, जो आम के छिलके में पाया जाता है।यह बहुत से केमिकल्स से मिलकर बना होता है। इसमें एक बेंजीन रिंग होती है जिससे दो अल्कोहलिक ग्रुप जुड़े हुए होते हैं। दुनिया में हर व्यक्ति उरुशियोल से प्रभावित नहीं होता। यह एक किस्म की सेलेक्टिव इम्युनिटी है, जिसके अनुसार कुछ ही लोगों को छिलके सहित आम चूसने के कारण ये एलर्जी हो सकती है। वैसे सिर्फ यही एक केमिकल नहीं, आम में कुल 270 किस्म के केमिकल अभी तक मिले हैं, जो आम को इसकी निराली खुशबू और स्वाद देते हैं।इनमें से अधिकतर केमिकल एस्टर परिवार के सदस्य होते हैं। एस्टर ऐसा केमिकल है जो फलों को उनकी फ्रूटी मीठी महक देता है। 3-कैरीन केमिकल तेज फ्रूटी खुशबू, बहुत से मसालों में पाया जाता है। इलाइची, तुलसी, दालचीनी. नींबू, संतरा और नारंगी में भी पाया जाता है। प्यारी, सौंधी और फल जैसी मीठी खुशबू के लिए इसमें मेथाइल हेक्सानोएट नाम का एस्टर भी पाया जाता है।

## पवित्र रिश्ता ने मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं : अंकिता लोखंडे

टेलीविजन अभिनेत्री अंकिता लोखंडे रातों रात स्टार बन गई, जब उन्होंने दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ डेली सोप पवित्र रिश्ता में जोड़ी बनाई, जो 12 साल पहले इसी दिन रिलीज हुई थी। इस अवसर को चिह्नित करते हुए, अभिनेत्री ने मंगलवार को प्रशंसकों के साथ एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए कहा कि इस शो ने उन्हें वह बनाया जो वह आज हैं। अंकिता का पोस्ट शो के दृश्यों का एक कोलाज है जिसमें सुशांत और उनके साथ साथ हितेन तेजवानी सहित अन्य सह कलाकार शामिल हैं, जिन्होंने बाद में शो में सुशांत को पुरुष प्रधान के रूप में बदल दिया था। शो के कलाकारों और क्रू को टैग करते हुए, अंकिता की पोस्ट में सुशांत का विशेष उल्लेख है, जो उनके पूर्व प्रेमी थे। अंकिता ने वीडियो शेयर कर लिखा, 12 साल, ओह, हाँ, पवित्र रिश्ता के 12 साल हो गए हैं, समय बहुत तेजी से उड़ता है। 66 से अधिक पुरस्कारों के साथ पवित्रा रिश्ता भारतीय टेलीविजन पर सबसे पसंदीदा शो में से एक बना हुआ है। इस प्रतिष्ठित शो के 12 शानदार वर्षो ने मुझे न केवल अर्चना बल्कि दुनिया भर में प्यार दिया और मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इंस्टाग्राम पर पवित्र रिश्ता को याद किया। उन्होंने लिखा, दर्द, प्यार और गुस्सा से इस शो का अब तक का सबसे शुद्ध बंधन बनाता है।



## कांटों भरा ताज

श्रीलंका के 5 बार के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। विक्रमसिंघे को 225 सदस्यीय श्रीलंकाई संसद में 134 सांसदों का मत हासिल हुआ। बड़ी बात यह है कि श्रीलंका की संसद में वह अपनी पार्टी के इकलौते सांसद थे, इसके बावजूद उन्हें सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना के समर्थन से जीत हासिल हुई। रानिल विक्रमसिंघे के सामने सबसे बड़ी चुनौती विरोध प्रदर्शनों को रोकना और जनता के बीच सत्ता विरोधी लहर पर काबू पाना होगा। जब से श्रीलंका में आंदोलन शुरू हुआ है, प्रदर्शनकारी लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने पर भी विक्रमसिंघे के इस्तीफे की मांग की गई। जब उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया, तब भी प्रदर्शनकारियों ने उनका इस्तीफा मांगा। प्रदर्शनकारी उन्हें गोटबाया राजपक्षे और महिंदा राजपक्षे के करीबी के रूप में देखते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें वर्तमान आर्थिक संकट के लिए भी जिम्मेदार भी मानते हैं। ऐसे में राष्ट्रपति पद पर उनकी जीत प्रदर्शनकारियों को विरोध तेज करने के लिए प्रेरित कर सकती है। श्रीलंका का विदेशी कर्ज करीब 51 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। ऐसे में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद विक्रमसिंघे का पहला काम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को बेलआउट पैकेज देने के लिए राजी करना होगा। लेकिन यह काम आसान नहीं होगा क्योंकि आईएमएफ ने कहा है कि इस तरह के पैकेज को अंतिम रूप देने से पहले श्रीलंका को अपने कर्ज को फिर से पुनर्गठित पर बहुत अधिक काम करना होगा और भ्रष्टाचार विरोधी उपायों को कड़ाई से लागू करना होगा। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि श्रीलंका के इस हालात का जिम्मेदार भ्रष्टाचार है। श्रीलंका पिछले 5 महीने से ईंधन की कमी का सामना कर रहा है। पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, फिर भी लोगों को ईंधन नहीं मिल पा रहा। जून के अंत में हालात इतने गंभीर हो गए थे कि श्रीलंकाई सरकार ने दो हफ्ते के लिए गैर-आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों के लिए पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। कमी के कारण श्रीलंका में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। हालांकि, 17 जुलाई को कीमतों में संशोधन किया गया था। जिसके बाद सरकारी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) ने पेट्रोल ऑक्टेन 92 की कीमत 450 श्रीलंकाई रुपए प्रति लीटर, पेट्रोल ऑक्टेन 95 की कीमत 540 रुपए प्रति लीटर, सुपर डीजल की कीमत 520 रुपए प्रति लीटर और ऑटो डीजल की कीमत 440 रुपए कर दी गई। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार मुश्किल से तीन महीने के लिए आयात का भुगतान कर सकता है। ऐसे में विदेशी मुद्रा भंडार की कमी से जूझ रही सरकार ने अमेरिकी डॉलर के लेन-देन को सीमित करने और कृषि रसायनों, वाहनों और मसालों के आयात को कम करने जैसे कुछ कदम उठाए हैं। इसके बावजूद श्रीलंका का आयात चाय, रबर आदि के निर्यात के मूल्य से अधिक है। अब विक्रमसिंघे को देश के कर्ज का पुनर्गठन करने, उसकी अदायगी के साथ श्रीलंका के विदेशी मुद्रा भंडार की फिर से भरकर उसमें संतुलन लाना होगा। विक्रमसिंघे के लिए चीन के कर्ज के जाल से बाहर निकलना मुश्किल काम होगा। श्रीलंका पर चीन के बैंकों और अन्य संस्थाओं का 7 बिलियन डॉलर से अधिक का बकाया है। श्रीलंका पर निजी क्षेत्र के बॉन्ड निवेशकों का भी करीब 25 अरब डॉलर बकाया है। इसके शीर्ष पर, चीन ने श्रीलंका को ऋण माफ करने से इनकार कर दिया है। ऐसे में श्रीलंका के सामने चीनी कर्ज के जाल से बाहर निकलना और उसके कर्ज को चुकाने की गंभीर चुनौती खड़ी है।

# मिशन : 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा

प्रभुनाथ शुक्ल

भारतीय जनता पार्टी उस अफवाह पर अमल नहीं करती जिसमें यह कहा गया हो कि %कौवा कान काट कर उड़ गया% अफवाह के पूर्व वह कान टटोलती है फिर आगे की रणनीति तैयार करती है। इसका मतलब साफ हुआ कि भाजपा जमीन पर काम करती है हवा में नहीं। क्योंकि पार्टी का सांगठनिक ढांचा बेहद मजबूत और विशाल है। अनुशासन और सुशासन ही उसका मूल मंत्र है। भाजपा पार्टी के लिए एक विजन तैयार करती है। विपक्ष को वह कभी हल्के में नहीं लेती है। जबकि विपक्ष उसे सामान्य रूप में लेता है। भाजपा की इसी नीति का नतीजा है कि कांग्रेस जैसे बड़े दल का अस्तित्व कटघरे में है। भाजपा अपनी राजनीतिक लड़ाई जमीन पर लड़ती है। जबकि विपक्ष उसके मुकाबले में बिखरा हुआ है। सांगठनिक ढांचा बेहद कमजोर है। उसके पास मोदी और योगी जैसा विश्वसनीय और भरोसेमंद चेहरा नहीं है। अमितशाह जैसा कोई चाणक्य नहीं है।

भाजपा और उसके सहयोगी संगठन अभी से मिशन- 2024 यानी लोकसभा की चुनाव जमीनी तैयार करने में जुट गए हैं। पार्टी %ऑनलाइन सर्वे% करा रहीं है। मतदाताओं के मोबाइल पर एक मैसेज भेज कर सर्वे में भाग लेने की बात कही गयी है। हो सकता है यह संदेश आपतक भी पंहुचा हो। सर्वे में 15 बिंदुओं को शामिल किया गया है। सर्वे से यह साबित हो गया है कि भाजपा 2024 में भी प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर आम चुनाव लड़ेगी। उसका सबसे अधिक फोकस उत्तर प्रदेश और योगी आदित्यनाथ पर भी है। ऑनलाइन सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी बुलडोजर नीति के साथ नूपुर शर्मा के विवादित बयान को भी जगह मिली है। सर्वे से निकली रायसुमारी को आधार बनाकर पार्टी लोकसभा चुनाव का एक एजेंडा तय करना चाहती है। अब उसकी सक्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस और दूसरे दल अभी उस बारे में सोचना भी शुरू नहीं किया है जबकि भाजपा बड़ी जमीन तैयार करने में जुटी है।

भारतीय जनता पार्टी की खूबी रहीं है कि वह हर सियासी लड़ाई को बेहद संजीदगी से लेती है। इसके लिए वह अपने आईटी सेल की युवा जमात को हमेशा रणनीतिक रूप से तैयार रखती है। पार्टी की तरफ से जो %ऑनलाइन सर्वे% कराया जा रहा है। उसका लिंक है (ठु×द्व1.द्बठु/द्गक्र/9 )। सर्वे में मूल रूप से ऐसे मतदाताओं को शामिल किया गया है जिनकी आय 3000 से लेकर 20000 तक है। वह अशिक्षित से लेकर परास्नातक तक हैं या तकनीकी शिक्षा ग्रहण किया है। सर्वे में सभी जाति धर्म और समुदाय के लोगों के साथ-साथ उपजातियों को भी शामिल किया है। सवर्ण के साथ ओबीसी, दलित, ईसाई और मुस्लिम भी शामिल हैं। इसके अलावा किसान, शिक्षक, ठेले वाले, नौकरीपेशा, व्यापारी, महिला, मछलीपालक,सरकारी नौकरी, छात्र और दूसरे वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। इस श्रेणी को 20 भागों में वर्गीकृत किया गया है।

%ऑनलाइन सर्वे% सबसे अहम सवाल किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का कारण क्या है। विकल्प में दिया गया है राष्ट्रवाद% हिंदुत्व, बेदाग छबि और ईमानदारी। इसके अलावा मोदी के मुकाबले प्रतिपक्ष के चेहरे को भी तलाशने की बात है जिसमें राहुल गाँधी, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और केजरीवाल शामिल हैं। हाल में नूपुर शर्मा के एक धार्मिक बयान को भी लेकर सर्वे में सवाल पूछा गया है कि देश के विभिन्न राज्यों में जो धार्मिक दंगे हुए उसमें क्या नूपुर शर्मा भी जिम्मेदार हैं। अगर जिम्मेदार है तो किस हद तक इसके लिए भी विकल्प दिया गया है। सवाल यह भी है कि विपक्ष के तुष्टीकरण नीति के मुकाबले भाजपा की तृप्तिकरण नीति कितनी कारगर है। यह भी पूछा गया है कि लोकसभा का चुनाव अगर आज हो जाए तो आप किस दल को अपना समर्थन देंगे विकल्प में यूपीए, एनडीए तीसरा मोर्चा के साथ दूसरे दलों को शामिल किया गया है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी आक्रमक नीतियों को विशेष अहमियत दी गई है।मतदाताओं से पूछा गया है कि %आपके विचार में योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का सबसे प्रमुख कारण क्या है%। विकल्प में है हिंदुत्व, राष्ट्रवाद, कानून व्यवस्था के साथ ईमानदारी और दूसरे विकल्प हैं। ऑनलाइन सर्वे में 12 वें नंबर का सवाल है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाजपा की जीत का प्रमुख कारण क्या रहा है। जिसमें विपक्ष की नाकामी, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, योगी की लोकप्रियता और मुफ्त राशन योजना जैसे विकल्प शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तर्ज पर एक सवाल किया गया है कि %भविष्य में योगी आदित्यनाथ का मुकाबला कौन कर सकता है%। जिसमें अखिलेश यादव, मायावती और प्रियंका गांधी को सामने रखा गया। सर्वे से साफ जाहिर होता है कि अभी पार्टी में मोदी और योगी युग कायम रहेगा। भाजपा को लगता है कि दिल्ली में मोदी और उत्तर प्रदेश में योगी पार्टी के लिए सबसे फायदेमंद चेहरे हैं।

देश में योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर नीति की खूब चर्चा में है । ऑनलाइन सर्वे में इसको भी स्थान मिला है। इस पर सवाल है कि %मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर नीति को लेकर आपका क्या मत है। पार्टी की तरफ से एक और महत्वपूर्ण सवाल पूछा गया है कि अगर लोकसभा चुनाव आज हो जाए तो आप की निगाह में चुनावी मुद्दा क्या होगा जो सबसे अहम होगा। मतदाता किस मुद्दे को लेकर वोट करेगा। जिसमें विधायकों के कामकाज, सांप्रदायिक, ध्रुवीकरण, राष्ट्रवाद, महंगाई बेरोजगारी जैसे अहम बिंदु शामिल हैं। भाजपा का यह सर्वे विपक्ष की सोच और नींद को खोलने वाला है। लेकिन फिलहाल विपक्ष इतना तागतवर नहीं दिखता है। वह अपनी बात लोगों को समझाने विफल हो रहा है या भाजपा की नीति को खुद नहीं समझ पा रहा है। विपक्ष की नाकामी की वज़ह से लोग महंगाई, बेरोजगारी और दूसरी समस्याओं से दो-चार होते हुए भी भाजपा वोटिंग करने के लिए मजबूर हैं। समय रहते विपक्ष को यह बात समझनी होगी।

## दोनों प्रकार का धन एक साथ नहीं मिल सकता

संसार में दो प्रकार का धन होता है भौतिक धन और दूसरा आध्यात्मिक धन। मनुष्य का स्वभाव है कि वह ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की चाहत रखता है। कोई व्यक्ति सोना, चांदी, रूपये पैसे का अंबार लगाकर धनवान कहलाता है तो कोई भूखा, प्यासा रहकर भी धनवान कहलता है। वास्तव में धनवान दोनों हैं। एक भौतिक धन का धनी है तो दूसरा अध्यात्मिक धन का धनी है। शाप और पुराण कहते हैं कि दोनों धनों में से अध्यात्म रूपी धन ज्यादा श्रेष्ठ है क्योंकि इसे कोई छीन नहीं सकता। इसे कोई चुरा भी नहीं सकता है। जिसके पास अध्यात्म रूपी धन होता है वह निश्चिंत होता है। उसे किसी प्रकार की चिंता और भय नहीं रहता है। संसार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो एक साथ इन दोनों धनों का सुख प्राप्त कर सके। अध्यात्म और भौतिक धन दोनों दो नाव के समान हैं। आप जानते हैं कि दो नाव की सवारी एक साथ नहीं की जा सकती, अगर ऐसा करेंगे तो डूबना तय है। मर्जी हमारी है कि हम अध्यात्मिक धन अर्जित करके ईश्वर का ऋृण चुका दें और जीवन-मरण के चप्र को पार करके दु?ख से मुक्ति प्राप्त कर लें। दूसरा रास्ता यह है भौतिक धन अर्जित करके सांसारिक सुख का आनंद लें और बार-बार जीवन-मरण के चप्र में उलझकर पाप का फल प्राप्त करें। भागवत् कहता है कि ईश्वर जिसे प्यार करता है उससे उसका सब कुछ छीन लेता है। सब कुछ छीन लेने का अर्थ है सांसारिक सुख छीन लेना। कबीर दास, तुलसीदास, रहीम, मीराबाई, सूरदास, करमैती बाई इसके उदाहरण हैं। ईसा मसीह ने भी कहा है कि सूई के छिद्र से ऊंट भले ही पार कर जाए लेकिन एक अमीर आदमी स्वर्ग प्राप्त नहीं कर सकता।

## परमात्मा होता है न्याय में मददगार!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू के मनमोहिनी परिसर में हुए तीन दिवसीय न्यायविद महासम्मेलन में न्यायमूर्तियों ने भी माना कि न्याय प्रदान करने में परमात्मा सबसे बड़ा मददगार है।न्याय मूर्ति भी मानते है कि वे निमित्त मात्र है ,न्याय उन्हें निमित्त बनाकर परमात्मा ही करता है।इसलिए यदि हम परमात्म याद में रहकर न्यायायिक कार्य करते है तो बेहतर न्याय हो सकता है।न्यायविदों के इस राष्ट्रीय सम्मेलन में बड़ी संख्या में न्यायमूर्ति न्यायाधीशों,वरिष्ठ अधिवक्ताओं व न्यायिक शिक्षाविदों ने भाग लिया ।जिन्होंने आध्यात्मिकता के साथ न्याय के प्रयोग को तरज़ीह दी।सम्मेलन में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनीता यादव कहना था कि जब हम न्यायिक प्रक्रिया के तहत होते है तो उस समय सही दिशा और सत्य के रूप में न्याय की आवश्यकता होती है। उनका मानना है कि परमात्मा का सान्निध्य सही रूप में यदि हो जाए तो हर किसी के साथ सही न्याय हो सकता है। परमात्मा का दरबार और स्थूल लोक का कोर्ट दोनों को ही महत्वपूर्ण बताते हुए न्यायाधीश सुनीता यादव ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान में आयोजित न्यायविदों के सम्मेलन में अपने अनुभव भी साझा किए।उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि कई केस बहुत ही उलझे हुए होते है।जिनको सुलझाने में राजयोग के अभ्यास से एकाग्र होकर हम निष्कर्ष तक पहुंच सकते है। जब हम न्यायिक प्रक्रिया के तहत होते है तो उस समय सही दिशा और सत्य न्याय की आवश्यकता ही हमे न्याय में मदद करती है। उन्होंने माना कि परमात्मा का सान्निध्य सही रूप में यदि हो जाए तो हर किसी के साथ सही न्याय हो जाएगा। कई बार लोगों की उम्मीदों के खिलाफ न्याय हो जाता है, लेकिन न्यायिक व्यवस्था संविधान और नियम कायदों से ही चलता है। इसलिए सब पहलुओं का ध्यान रखना आवश्यक होता है।उन्होंने माना कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान का राजयोग ध्यान मनुष्य के जीवन में तरक्की का रास्ता खोलता है। इसलिए हमें जीवन में राजयोग को अपनाने का प्रयास करना चाहिए।उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारीज का शांत व सौम्य वातावरण



देखकर ही महसूस होता है कि यहां कितना आध्यात्मिक सशक्तिकरण हैं।सम्मेलन में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए जे देसाई ने कहा कि इस देश के हर वर्ग को न्याय मिले,यह बेहद आवश्यक है।यह भी आवश्यक है कि हमारा समाज अपराध मुक्त बने। इस देश में हर एक को सुख शांति प्रेम से रहने, अपनी बात कहने, खुशी का इजहार करने, अपने संस्कार और धर्म के हिसाब से जीने का अधिकार है।जिसमे किसी को भी अनुचित हस्तक्षेप करने का अधिकार नही है। उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस पुजारी ने कहा कि जहां नारियों को सम्मान होता है ,वहां न्याय मिलना ओर सहज हो जाता है। वही देवता भी निवास करने लगते हैं ।श्रीमदभागवत गीता में भगवान कहते हैं जब-जब धर्म की ग्लानि होती है तब तब मैं इस धरती पर अवतरित होकर अधर्म का विनाश करने के लिए न्याय देता हूं।सम्मेलन में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पद्मश्री रमेश गौतम, विधि प्रभाग की उपाध्यक्ष बीके पुष्पा, महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके शारदा,विधि प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके लता ने भी राजयोग के अभ्यास से न्याय की सुगमता को अपने उद्बोधन से सिद्ध किया।इस बाबत न्यायमूर्ति रामसूरत राम मौर्य का भी मानना है कि खुशी सिर्फ भौतिक विकास से नहीं मिलती। सच्ची खुशी आंतरिक विकास से प्राप्त होती है। जबकि न्यायमूर्ति विजय लक्ष्मी के शब्दों में,% आत्मा के ऊपर छाई कालिमा को कैसे धोया जाय यही महत्वपूर्ण है।%वही न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल ने बड़े ही सहज शब्दों में लोगों को खुशी पाने और ईश्वर से जुड़ने का रास्ता बताते है। ईश्वरीय व न्याय सेवा कार्य पर जोर देते हुए न्यायमूर्ति विवेक सिंह भी मानते है कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका पुष्पा दीदी खुशी पाने का जतन बताती है और कहती है कि खुशी बाहर की परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती। हम अपने आप को जानकर ही हम हमेशा खुश रह सकते हैं। उन्होंने खुशी को स्वधर्म बताया। न्याय विदों के इस सम्मेलन में नैनीताल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रहे सर्वेश गुप्ता ने भी अपने अनुभव सुनाए कि किस प्रकार हम राजयोग के अभ्यास से स्वयं का सम्बंध परमात्मा से जोड़ सकते है और न्याय प्रदान करने भी भी यह विधि कारगर सिद्ध हो सकती है।

# माफियाओं के हौसले

### सूडोकु नवताल- 6140

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6139 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

सिद्धार्थ शंकर

हरियाणा के मेवात जिले में खनन माफियाओं द्वारा डीएसपी सुरिंदर सिंह की हत्या की बात को लोग भूले भी नहीं थे कि 24 घंटे के भीतर झारखंड में एक महिला पुलिस अधिकारी की हत्या कर दी गई। हरियाणा में डीएसपी सुरिंदर सिंह पर खनन माफिया के ड्राइवर ने गाड़ी चढ़ा दी तो झारखंड के रांची में पशु तस्करों ने महिला अधिकारी को बीच सड़क रौंद दिया। महिला अधिकारी संध्या टोपने ड्यूटी पर तैनात थीं। बताया जाता है कि सुबह 3 बजे तुपुदाना में एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात दरोगा संध्या टोपनो पिकअप वैन को रुकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी रोकने के बजाय दरोगा के ऊपर गाड़ी को चढ़ाते हुए फरार हो गया। हालांकि कुछ देर बाद ही चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों पुलिस अफसरों की हत्या की वजह भले अलग हो, जगह अलग हो, मगर एक चीज में समानता है, वह है बदमाशों का हौसला। खनन माफिया हों या पशु तस्कर दोनों के आगे कानून बौना साबित हो रहा है। अब तक सुनने को मिलता था कि बदमाशों ने पुलिस पर हमला कर दिया या भाग गए, मगर अब वे अफसर या जवान की हत्या करने तक से पीछे

नहीं हट रहे। देश में शायद ही कोई राज्य हो, जहां अवैध खनन न होता हो। पहाडियां और नदियां अवैध खनन की चपेट में हैं। अवैध खनन में लिप्त तत्व माफिया बन गए हैं तो इसीलिए कि आम तौर पर उन्हें नेताओं और नौकरशाहों का



संरक्षण मिलता है। इसी संरक्षण के कारण उनका दुस्साहस बढ़ता है। देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी खबरें आती ही रहती हैं कि खनन माफिया के गुर्गों ने पुलिस कर्मियों या फिर अन्य अधिकारियों को धमकाया अथवा उन पर हमला किया। मिट्टी, गिट्टी, रेत आदि का अवैध खनन इसलिए बेरोक-टोक होता रहता है, क्योंकि एक तो खनन संबंधी नियम-कानूनों के पालन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है और दूसरे मांग और आपूर्ति में अंतर को दूर करने की कोई सुविचारित नीति नहीं है। एक ऐसे समय जब देश में हर तरह के निर्माण कार्य तेजी पर हैं, तब राज्य सरकारों के साथ केंद्र सरकार को भी इसकी चिंता करनी होगी कि आखिर निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कहां से आएगी? इसमें संदेह है कि इस बारे में शायद ही कभी सोच-विचार किया जाता हो। चूंकि प्रायः सब कुछ निर्माण कार्य में लगी कंपनियों अथवा ठेकेदारों पर छोड़ दिया जाता है, इसलिए वे मनमानी करते हैं। इस मनमानी पर तब तक रोक नहीं लग सकती, जब तक मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ते अंतर को कम करने की कोशिश नहीं की जाएगी। या तो इस अंतर को कम करने के जतन किए जाएं या फिर निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के नए विकल्प खोजे जाएं। निस्संदेह खनन पर पूरी तौर पर रोक लगाना संभव नहीं, लेकिन ऐसे उपाय तो किए ही जा सकते हैं कि वह न तो पर्यावरण के लिए खतरा बन पाए और न ही माफिया तत्वों की मनमानी का माध्यम। चूंकि भवन निर्माण में बड़े पैमाने पर रेत की जरूरत पड़ती है, इसका कारोबार करने वाले भारी मुनाफा कमाते हैं। इसलिए नदियों से रेत निकालने का पट्टा हासिल करने के लिए ठेकेदारों में होड़ लगी रहती है। उत्तर प्रदेश और बिहार में चूंकि रेत वाली नदियों का फैलाव अधिक है, वहां अक्सर रेत खनन के लिए ठेकेदारों के बीच खूनी संघर्ष तक देखे जा चुके हैं। खनन विभाग संभाल रहे मंत्री, अधिकारी और दूसरे राजनेता अपने करीबी लोगों को रेत खनन के ठेके दिलाने का प्रयास करते हैं। उत्तर प्रदेश में भी यही हुआ। एनजीटी की रोक के बाद रेत का कारोबार ठप्प पड़ गया तो ठेकेदारों ने राजनीतिक संपर्क से अवैध खनन शुरू किया। कायदे से रेत खनन के लिए ई-टेंडर के जरिए पट्टा दिया जाना था, पर मंत्रियों-अधिकारियों से मिलीभगत कर बहुत सारे ठेकेदारों ने अपना कारोबार जारी रखा। जाहिर है, इस तरह जब कोई धंधा राजनीतिक शह पर चलता है, तो मुनाफे का कुछ हिस्सा सत्ता पक्ष के लोगों तक भी पहुंचता है। छिपी बात नहीं है कि जिस दौरान अवैध खनन चल रहा था।

## जुबैर और नुपुर शर्मा

वेदप्रताप वैदिक

सर्वोच्च न्यायालय ने नुपुर शर्मा और मोहम्मद जुबैर के साथ पूरा न्याय किया है। उसने दोनों के खिलाफ की गई दर्जनों पुलिसिया शिकायतों (एफआईआर) को रद्द करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ जो भी मुकदमे चलें, वे किसी एक ही शहर में चलें। कई शहरों में अगर उन पर मुकदमे चलते रहे तो कई समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। सबसे पहली तो यही कि कई फैसले परस्पर विरोधी भी हो सकते हैं। दूसरी समस्या यह कि आरोपी व्यक्ति कितने शहरों की अदालतों का चक्कर लगाता रहेगा? तीसरी समस्या उसकी अपनी सुरक्षा की है। वैसे जुबैर को उनके विवादास्पद ट्वीट पर वैसी धमकियां नहीं मिल रही हैं जैसी कि नुपुर शर्मा को मिल रही है। कानून की जिन लोगों को थोड़ी भी समझ है, उन्हें पता है कि जुबैर और नुपुर दोनों को ही अदालत निर्दोष घोषित करनेवाली हैं। नुपुर की गिरफ्तारी तो अभी तक नहीं हुई है लेकिन जुबैर को हफ्तों जेल में डाले रखा गया है। उन्हें जमानत भी नहीं मिली थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें तुरंत रिहा किया और उसने उ. प्र. की सरकार और पुलिस की भी कड़ी आलोचना की है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों ने कहा है कि किसी भी पत्रकार की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में कोई भी बाधक कैसे बन सकता है? यदि जुबैर ने 2018 में किसी फिल्म के संवाद को ट्वीट कर दिया तो क्या उसने इतना खतरनाक काम कर दिया है कि उसे जेल में बंद कर दिया जाए, उसे जमानत भी नहीं दी जाए और उसे दंगे भड़काने के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया जाए? जजों ने इस तथ्य पर भी एतराज जाहिर किया है कि जुबैर के खिलाफ कई एजेन्सियां जांच-पड़ताल में जुट गई हैं। जुबैर पर उत्तर प्रदेश की पुलिस ने तरह-तरह के आरोप लगाए हैं। उसका तर्क था कि जुबैर पत्रकार नहीं है। वह 'अल्टन्यूज़' नामक संस्था चलाता है और उसके जरिए वह दो करोड़ रु. सालाना कमाता है। 2018 में उसने एक फिल्म के एक चित्र को फिर से ट्वीट करके लिख दिया था- '2014 से पहले हनीमून होटल, 2014 के बाद हनुमान होटल'। इसी तरह के अन्य कई आरोप जुबैर पर लगाए गए थे। इन सब आरोपों की जांच अब दिल्ली की अदालत करेगी। इससे भी अधिक दयनीय मामला नुपुर शर्मा का है। एक टीवी संवाद में जब एक वक्ता ने शिवलिंगों का मजाक उड़ाया तो नुपुर ने जवाब में एक हदीस को उद्धृत कर दिया। इसे पैगंबर की शान में गुस्ताखी माना गया और उसके चलते दो लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई।

# स्टेडियम का होगा जीर्णोद्धार, बच्चे कर सकेंगे तैयारी शारदा सोलंकी

### अग्रसेन महाराज एवं भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, देश सेवा की तैयारी कर रहे युवकों को रनिंग किट उपलब्ध कराकर किया पहला वादा पूरा

**मुरैना।** शहर के इकलौते स्टेडियम को जलभराव से मुक्त कर उसका जीर्णोद्धार किया जाएगा, बिजली पानी की व्यवस्था को दुरुस्त कर गार्ड की व्यवस्था की जाएगी, जिससे स्टेडियम का मुख्य द्वार खुल सके और देर शाम तक देश सेवा एवं खेल प्रतिभा के लिए समर्पित बच्चे बच्चियां यहां तैयारी कर सकें। स्टेडियम में जलभराव लाइट की समस्या को जल्द सुधार करेंगे। यह बात नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने शहर भ्रमण के दौरान उन युवाओं से कहीं, जो स्टेडियम में देश सेवा के लिए सेना की तैयारी कर रहे थे।

मुरैना की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी जीत के बाद स्टेडियम पहुंची। उन्होंने देश सेवा के लिए तैयारी कर रहे नवयुवकों से मुलाकात की और उन्हें रनिंग किट उपलब्ध कराकर अपना पहला वादा पूरा किया। उनके साथ



किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर मौजूद रहे। इस अवसर पर दिनेश गुर्जर ने सैना की तैयारी कर रहे युवाओं से कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी को आपने आशीर्वाद दिया है, मैं उसके लिए आप सबका आभारी हूं। आप लोगों की समस्याओं को हमारी महापौर प्रभार लेने के एक माह के भीतर ही निराकरण करवा देंगे, चाहे जलभराव की समस्या, रात को अंधेरे की समस्या, चाहे फिर आवारा पशुओं का स्टेडियम में प्रवेश कर जाना हो, योजनाबद्ध तरीके से इन सारी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी के मान-सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने देंगे, जहाँ भी आपको महापौर की जरूरत होगी, वो आपके साथ खड़ी होंगी। इसके बाद श्री सोलंकी चंबल कॉलोनी में स्थित पार्क में पहुंची, वहां सुबह घूमने आए, योगा करने आए प्रबुद्ध नागरिकों से मिली, उन लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि शहर की मूलभूत समस्याओं से जल्द निजात दिलवाने का प्रयास करेंगी, चाहे वह जलभराव की समस्या हो चाहे सफाई की। महापौर श्रीमती सोलंकी ने जीवाजीगंज पहुंचकर अग्रसेन महाराज की मूर्ति पर पर माल्यार्पण किया और वार्ड क्रमांक 16 में कार्यकारी जिलाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल के बेटे एवं युवा पार्षद आयुष अग्रवाल से मुलाकात की, जिन्होंने पूर्व



सभापति एवं भाजपा के कद्दावर नेता (अल्ली) अनिल गोयल को हराकर एक मिसाल कायम की है। यहां महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी के साथ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पार्षद विनीत कंसाना सहित कई लोग मौजूद रहे। उसके बाद श्रीमती शारदा सोलंकी ने गुफा के मंदिर के पास जाहर सिंह कक्का की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और अंत में सिंघल बस्ती मैं पहुंच कर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं नमन करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित सौरव सोलंकी, विनोद कुमार, सोनू जोनवार, ब्रजेश कुमार भूरा, डॉ रामौतार नेगी, गजेंद्र सिंधी, उमेश सोलंकी, नवीन पिप्पल, अजय सर्जन, देव, सूरज, राहुल, दीपक सोलंकी, भानु सोलंकी व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

\- फोटो फाइल- 22 मुरैना 01, 02




## समाजसेवी करेंगे प्रतिवर्ष सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन

### -मुरैना जिले सहित पड़ोसी जिले के लोग भी हो सकेंगे शामिल

**अम्बाह।** आर्थिक मजबूरियों के कारण अपनी बेटियों का विवाह सही समय से न कर पाने वाले सर्वजातीय परिजनों के लिए यह सुखद खबर हो सकती है कि अंचल के प्रमुख समाज सेवियों द्वारा प्रतिवर्ष सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दिशा में पहल करते हुए समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य अध्यक्ष आचार्य आनंद क्लब ने एक महत्वपूर्ण बैठक में इस आशय की जानकारी दी। डॉ आचार्य ने आचार्य आनंद टीम और समाजसेवियों के साथ ब्राइट कैरियर एकेडमी में हुई बैठक में बताया कि हम ने प्रति वर्ष सर्व जातीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। सर्व जातीय सामूहिक विवाह समारोह में जिला मुरैना सहित आस-पड़ोस के जिलों के लोग भी शामिल हो सकेंगे। सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में शामिल जोड़े को समाजसेवियों और विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से दांपत्य जीवन के लिए सभी आवश्यक उपहार दिए जाएंगे। इस हेतु अतिशीघ्र आचार्य आनंद टीम के आनंदक साथी संपूर्ण मुरैना जिले की सभी तहसीलों पर व्यापक प्रचार प्रसार के लिए यात्राएं करेंगे। सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए अजय जैन, बिंदुसार सिंह तोमर, अरविंद मावई, बालकृष्ण शर्मा, अंकित मिश्रा, कृष्ण वीर सिंह तोमर, बादाम सिंह तोमर, विश्वनाथ गुर्जर, दुष्यंत सिंह तोमर, मनोज शर्मा, महेंद्र सखवार, हरिमोहन अग्रवाल, राजीव गुप्ता, दामोदर शर्मा, डॉ प्रगति शर्मा, डॉ सुशील, डॉ एडी शर्मा, डॉ अनिल पचौरी, अंजुल शर्मा, मुरैना से समाजसेवी भावना जैन, सुजाता तोमर, डॉ क्षमा कौशिक, नीतू भारद्वाज, सपना बंसल, कल्पना गोयल, जौरा से अखिलेश शर्मा एवं कैलारस, सबलगढ़, विजयपुर, पहाड़गढ़, पोरसा, बानमोर के आनन्दक सहयोगी के रूप में शामिल रहेगें।

# कार से आए पति-पत्नी पर आरोपियों ने किया हमला, पुलिस की भूमिका संदिग्ध, एसपी को दिया आवेदन

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी छोंदा में प्रेम सिंह पर कातिलाना हमले के आरोपीगणों द्वारा प्रेम सिंह को देखने आए उसके रिश्तेदार पति पत्नी पर आरोपी रामबरन उसके पुत्र व भतीजे ने हमला कर गाड़ी को छतिग्रस्त कर दिया, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपियों का साथ दिया जा रहा है। उक्त आरोप संबंधी शिकायत छाया पत्नी सोनू ने पुलिस अधीक्षक मुरैना को दिए आवेदन में लगाए हैं।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को आवासीय कॉलोनी में रहने वाले प्रेम सिंह का अपने पड़ोसी रामबरन कुशवाह से विवाद हुआ था जिस पर आरोपी रामबरन एवं उसके पुत्र जीतू कुशवाह तथा भतीजे सूरज कुशवाह ने एक राय होकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें उसके सिर में कुल्हाड़ी मारी गई और



वह अस्पताल में भर्ती है तथा 22 टांके आए हैं। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण तो दर्ज कर लिया, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है और सामान्य धारा का अपराध बना दिया है। गत दिवस प्रेम सिंह को देखने के लिए डबरा से प्रार्थीया छाया की बहन सपना अपने बुआ के लड़के छोटू के साथ अल्टो कार से आई थी, तभी रामबरन कुशवाह, सूरज कुशवाह एवं जितेंद्र कुशवाह उसकी पत्नी बादामी ने चारों ओर से कार को घेर लिया और कार से खींचकर लाठी-डंडों से मारपीट की तथा गाड़ी को छतिग्रस्त कर दिया, जिससे सपना के पैर में फैक्चर हो गया। इसकी रिपोर्ट भी सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई है, किंतु पुलिस द्वारा आरोपियों के नाम दर्ज नहीं किए गए हैं। जिला चिकित्सालय में एमएलसी कराए जाने के बाद भी भर्ती नहीं किया गया और पुलिस द्वारा धमकी देकर भगा दिया गया। इस पूरे मामले में श्रीमती छाया पत्नी सोनू ने पुलिस अधीक्षक को अन्य बातें भी बताई और कहा कि आरोपियों के खुलेआम घूमने से उनके परिवार के लोगों को जान का खतरा बना हुआ है, इसलिए तत्काल कार्रवाई की जाए।

## दहेज नहीं लाने पर बहू को पीटा, पीड़ित महिला ने एसपी को दिया आवेदन

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दहेज ना लाने पर पति सास-ससुर एवं अन्य ससुराली जनों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और घर से भगा दिया तथा दोनों बच्चों को भी अपने पास रख लिया। पीड़ित महिला ने शुक्रवार को एसपी को ज्ञापन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला लक्ष्मी बघेल पत्नी रामनिवास बघेल न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि वर्ष 2016 में उसकी शादी रामनिवास उर्फ भूरा बघेल से हुई थी और शादी के बाद दो छोटे बच्चे है। शादी के बाद से



ही पति, ससुर वृंदावन बघेल, सास रामकली, ननद सुनीता तथा जेट करण आदि दहेज के लिए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हैं। अब उनके द्वारा बुलट गाड़ी, सोने की चेन तथा प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगा जा रहा है। 18 एवं 19 जुलाई 2022 की रात को उक्त आरोपीगणों द्वारा लाठी और सरिया से मारपीट की गई, जिससे उसके शरीर से रक्त बहने लगा। पीड़िता ने अपने पिता एवं भाई को बुलाया तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट की गई तथा मोटरसाइकिल छीन ली गई और फरियादी को घर से निकाल दिया। दोनों बच्चे ससुराली जनों ने अपने पास रख लिए ह। इस मामले में सिविल लाइन थाने में आवेदन दिया गया, लेकिन पुलिस ने ससुराली जनों के विरुद्ध कार्रवाई न करते हुए मेरे पिता एवं भाई के विरुद्ध ही अपराध दर्ज कर दिया। इस मामले की जांच कर आरोपी ससुराली जनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करें सरकार, लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपाः दीपक शर्मा

### ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन

**मुरैना।** भारत सरकार मैं जिस तरह से भाजपा नेताओं द्वारा ई.डी, सी.बी.आई एवं अन्य संस्थाओं का दुरूपयोग कर षडयंत्र रचा जा रहा है, यह देश हित में नहीं है। कांग्रस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं देश व प्रदेश में कांग्रेस नेताओं को अकारण ई.डी. द्वारा बार-बार परेशान किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा ऐसे परिवार को बदनाम करने का काम किया जा रहा है, जिसने हमेशा से भारत देश की सेवा की है। म.प्र. के कांग्रेस नेताओं को झूठे केसों में फसाया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है।

वर्तमान में म.प्र. में पंचायत चुनाव एवं नगर निगम चुनाव हुये है, जिसमें जनता के फैसले के विपरीत भाजपा सरकार में प्रशासन द्वारा दबाव बनाकर कांग्रेस नेताओं को झूठे केसों में फसाकर लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है, जैसे मुरैना जिले में पंचायत चुनाव में सुमावली विधायक अजब सिंह कुशवाह एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिकरवार पर झूठा



प्रकरण दर्ज किया है, जिससे भाजपा जनपद अध्यक्ष प्रशासन के दबाव से बना सके। यह सरासर देश व प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. किसान कांग्रेस दिनेश गुर्जर ने एस.एस. कुशवाह नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को ई.डी. द्वारा परेशान न किया जाए एवं उन पर दर्ज झूठे केसों को वापस लिया जाये और माननीय महामहिम जी से आग्रह किया है कि भारत सरकार में बैठे भाजपा नेताओं को निर्देश दें कि किसी भी संस्था का सरकार द्वारा दुरूपयोग न किया जावे एवं ई.डी. जांच को बन्द किया जावे अन्यथा देश और प्रदेश में लाखों लोग व शहर जिला कांग्रेस हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वृन्दावन सिंह सिकरवार, अनु.जाति विभाग प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील शर्मा, प्रदेश सचिव रामलखन डण्डोतिया, वरिष्ठ कांग्रेसी विजय सिंह शर्मा, शहर जिला उपाध्यक्ष सुभाष सिंह सिकरवार, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश गोयल, वरिष्ठ कांग्रेसी ग्याप्रसाद शर्मा, अब्दुल रहमान घड़ी वाले, गौरव चतुर्वेदी, कुलदीप सिकरवार, राकेश गर्ग, गोविन्द गोले, प्रकाश टेलर, रिन्कू पचौरी, अशोक तोमर, सौरभ मिश्रा, अमर सिंह मौर्य, गजेन्द्र सिंधी, असगरी खांन, नरेश यादव, रामू टुण्डेलकर, मुन्नालाल राठौर, आशीष यादव, करनपाल सिकरवार, राजेश राठौर, दुर्गेश रोजे, आकाश रावत, दीपक सोलंकी, शक्ति शर्मा, नरेश, आरिफ खांन, अस्फान खांन, आदि समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बस - बोलेरो में भिड़ंत 1 की मौत, 8 घायल

**मुरैना।** जौरा थाना अंतर्गत शुक्रवार की सुबह बस एवं बोलेरो में आमन-सामने हुई भीषण भिड़ंत में बोलेरो में सवार एक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 8 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया। जौरा नगर निरीक्षक आशीष राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह ओरेठी जनकपुर थाना नगरा के 8 लोग



जिसमें महिला पुरुष सम्मिलित थे, बोलेरो जीप क्रमांक एमपी 06-0135 में सवार होकर एक गमी में सबलगढ़ जा रहे थे। जौरा से लगभग 7 किलोमीटर दूर मुकुंदा गांव के पास पहाड़गढ़ से मुरैना आ रही बस से बोलेरो की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे वीरसिंह तोमर पुत्र रामेश्वर तोमर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बोलेरो में सवार आठ अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज हेतु तत्काल कैलारस अस्पताल भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को ग्वालियर रैफर किया गया है।

# स्वच्छता पखवाडे के दौरान कचरा प्रबंधन पर संगोष्ठी का आयोजन

**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्राल्य भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत शुक्रवार को नगर परिषद फूप के आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्याल्य वार्ड नं0 9 में कचरा प्रबंधन पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि फूप नगर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संतोष शर्मा ने बताया कि नगर में सबसे बडी समस्या पानी के भराव व निकास की है जो स्वच्छता में सबसे बडी बाधा है, नगर में पक्की सडकों व नाल्यिो का निर्माण कराया है व पानी के उचित निकास व स्वच्छता हेतु कचरा गाडी के लिए जिले के अधिकारियो से निवेदन भी किया है, शीघ्र ही नगर स्वच्छता में अब्बल होगा। कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा संगोष्ठी के मुख्य विषय कचरा प्रबंधन के




बारे में बताया गया तथा जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी एवं स्वच्छता पखवाडे के तहत आयोजित कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन पर सभी उपस्थित बरिष्ठ जन से परामर्श किया गया। उन्होंने कचरे के प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया की कचरे का प्रबंधन आज के समय में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और किसी भी सामान को जब तक हम उसका किसी भी तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। कचरे को हम पुनः प्रयोग के लायक बनाकर उपयोग कर सकते हैं। कचरे से सजावटी सामान खाद इत्यादि बनाकर उसका हम प्रयोग कर सकते हैं। कचरे का सही प्रबंधन कर हम सम्पूर्ण स्वच्छता प्राप्त कर सकते हैं साथ ही वाताबरण को स्वच्छ करने के लिए बृक्ष लगाने भी आवश्यक है। आयोजित संगोष्ठी में फूप आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्याल्य के प्राचार्य कमलेश शर्मा, शिक्षक विकाश शर्मा, शिक्षक राहुल भदौरिया, शिक्षिका मिथलेश वर्मा व निकिता देवी उपस्थित रही। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि फूप नगर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा सभी उपस्थितजनो का अभार व्यक्त किया गया।

# स्थानीय चुनावों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक सफलता

## नगरीय निकाय चुनाव के पहले व दूसरे चरण में खिला कमल

## भाजपा प्रत्याशियों की जीत का प्रतिशत 61 प्रतिशत से अधिक





**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजलीं टुडे**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं स्थानीय विधायक व खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की कड़ी मेहनत के बदौलत पन्ना जिले में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिली है। सांसद और विधायक के नगरीय निकायों के वार्डों में व्यक्तिगत जनसंपर्क, रैली, जनसभा से भाजपा ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। जिले की एकमात्र नगर पालिका परिषद पन्ना में भाजपा का चुनावी माहौल शुरूआती दौर से ही मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह की कड़ी मेहनत द्वारा सभी वार्ड मे जनसंपर्क, रैली, जनसभा से निर्वाचन क्षेत्र मजबूत बन सका।

जनादेश और भारतीय जनता पार्टी की जीत से यह तय हो गया है कि पन्ना में सिर्फ समस्याओं का हौवा खड़ा किया गया है, जमीनी स्तर पर लोगों को कोई परेशानी नहीं है। इसलिए भाजपा प्रत्याशियों को जनता का भरपूर समर्थन मिला है। विदित हो कि नगर पालिका एवं नगर परिषदों में इस बार अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से अर्थात पार्षदों के द्वारा होना है। घोषित हुए नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण व दूसरे चरण के नतीजों से यह साफ हो गया है, पन्ना समेत जिले के निकायों में भाजपा के अध्यक्ष बैठेंगे और परिषदों में भाजपा का पूर्ण बहुमत रहा।

**भाजपा के प्रत्याशी 72 पार्षद पद पर विजयी:** पन्ना जिले के 7 नगरीय निकायों में पार्षद के 118 में से 72 पद पर भाजपा प्रत्याशी पार्षद निर्वाचित हुए हैं। जिले में भाजपा प्रत्याशी के जीत का प्रतिशत 61.02 रहा, जबकि कांग्रेस का निर्दलीयों से भी कम 17.79 प्रतिशत रहा। निर्दलीय प्रत्याशियों का जिले में जीत का प्रतिशत 21.19 रहा है। नगर पालिका परिषद पन्ना में भाजपा ने 28 में से 19, नगर परिषद अजयगढ़ में 15 में से 11, गुनौर और पवई में 10-10 तथा देवेन्द्रनगर और अमानगंज में 8-8 एवं ककरहटी में 6 पार्षद प्रत्याशी विजयी हुए हैं। भाजपा द्वारा नगरीय निकाय चुनावों में चयनित प्रत्याशियों के प्रति मतदाताओं ने भरोसा जताया और बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत हुई है। पन्ना जिले के 7 में से 6 नगरीय निकायों में भाजपा की नगर सरकार बनने का रास्ता प्रशस्त हुआ है। इससे यह स्पष्ट है कि स्थानीय चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं से खुश होकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया है।

सांसद और स्थानीय विधायक ने नगरीय निकायों में मिली जीत के लिए मतदाताओं सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं और चुनाव प्रबंधन को बधाई दी है। जनादेश यह दर्शाता है कि जनता का अपार विश्वास भाजपा को मिला है। चुनावों में कार्यकर्ताओं की मेहनत, नेतृत्व के प्रति जनता का विश्वास और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास के आधार पर पार्टी को जनता का अपार समर्थन मिला है।

**सांसद और विधायक के निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी पहले से अधिक मजबूत:** नगरीय निकाय चुनाव के घोषित नतीजों में पन्ना जिले के सात निकायों में से छः पर सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी ने एकतरफा जीत दर्ज कराई है। नगर पालिका परिषद पन्ना सहित नगर परिषद अजयगढ़, देवेंद्रनगर, गुनौर, पवई और अमानगंज में कमल खिला है, जबकि नगर परिषद ककरहटी के 15 में से 6 वार्डों में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी विजयी हुए हैं। जिले की एकमात्र नगर पालिका परिषद पन्ना में भाजपा का चुनावी माहौल शुरूआती दौर से ही मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह की कड़ी मेहनत से निर्वाचन क्षेत्र मजबूत बन सका।

निकाय चुनाव में खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र पन्ना जिले में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत से पार्टी पहले से अधिक मजबूत बनकर उभरी है। जिले के नगरीय निकायों में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों की शानदार जीत को शिवराज सरकार की नीतियों-कार्यक्रमों को व्यापक जनसमर्थन बरकरार रहने का स्पष्ट संकेत-सन्देश माना जा रहा है। जानकर निकाय चुनाव के नतीजों को भाजपा के लिए विधानसभा चुनाव की राह आसान होने के तौर पर देख रहे हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का समय शेष है।

**कांग्रेस की शर्मनाक हार ने नेतृत्व और संगठन की कमजोर स्थिति को किया उजागर:** नगरीय निकाय चुनाव में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी को बेहद शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। नतीजों ने पन्ना जिले में कांग्रेस पार्टी के मौजूदा नेतृत्व की कमजोरियों और संगठन की लचर स्थिति को उजागर कर दिया है। जिले की आरक्षित गुनौर सीट से कांग्रेस के इकलौते विधायक शिवदयाल बागरी के क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की इतनी दुर्गति हुई है कि प्रदेश नेतृत्व को इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरुरत है। ककरहटी में कांग्रेस की शर्मनाक स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वहां तकरीबन 10 वार्डों में कांग्रेस नेतृत्व प्रत्याशी भी नहीं उतार सका। गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ककरहटी नगर परिषद में लोगों ने निर्दलीय चुनाव लड़ना बेहतर समझा। मगर कांग्रेस का टिकट लेने को कोई तैयार नहीं हुआ।

# ज्योति ठाकुर एस.डी.एम लांजी ने कोविड 19 वैक्सीन के सतर्कता डोज लगाने दिए निर्देश

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जिले की विकासखण्ड लांजी में एस.डी.एम. ज्योति ठाकुर ने शतप्रतिशत कोविड वेक्सीनेशन सतर्कता डोज लगाने एवं हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में बैठक ली। श्रीमती ज्योति ठाकुर एस.डी.एम लांजी की अध्यक्षता में विभिन्न विभाग प्रमुखों की उपस्थिती में बैठक का आयोजन 22 जुलाई को जनपद पंचायत लांजी कक्ष में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विकासखण्ड लांजी के 18 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लोगों को कोविड 19 वैक्सीन के सतर्कता डोज लगाने हेतु आवश्यक प्रचार किये जाने एवं पूर्ण टीकाकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिये। ग्राम पंचायत स्तर से भी लोगों को सतर्कता डोज लगाने तथा स्कूल व कॉलेजों के 18 वर्ष पूर्ण कर चूके छात्र-छात्राओं को भी सतर्कता डोज लगाने हेतु प्रेरित करने के लिये सभी विभाग प्रमुखों को जानकारी दी गई। बैठक में देश भर में चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 के अंतर्गत हर घर में तिरंगा झंडा लगाने के लिये आम जन को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाना एवं देशभक्ति की भावना जागृत करना और अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को स्वयं क्रय कर फहराने के लिये प्रेरित करना है। झंडे की लंबाई और चैड़ाई में 3ः2 का अनुपात होना चाहिए। झंडे में सबसे उपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा रंग होना चाहिए, सफेद रंग की पट्टी में नीले रंग का अशोक चक्र होना चाहिए जिसमें 24 तिलियॉं होनी चाहिए। तिनों रंग की पट्टीयॉ समान चैड़ाई की होना चाहिए व तिरंगा झंडा कपड़े का बना होना चाहिए। एस.डी.एम. श्रीमती ज्योति ठाकुर द्वारा विकास खण्ड लांजी के सभी निवासीयों को जो की 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं कोविड19 सतर्कता डोज अवश्य लगाने तथा दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा फहराने की अपील की है।

# वृहद वृक्षारोपण एवं रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बैठक आयोजित

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में श्रीमती अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को एडीआर भवन शिवपुरी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि हमें अपनी



आने वाली पीढ़ी को एक संतुलित पर्यावरण प्रदान कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अतः पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाए जाए। इस हेतु श्रीमती सिंह ने शासन के समस्त विभागों व अन्य समस्त गैर शासकीय व सामाजिक संगठनों एनजीओ से अपील की कि इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं।

साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में आम नागरिक भी स्वैच्छिक रूप से रक्तदान हेतु उपस्थित हो ऐसे जागरूकता का माहौल तैयार करने की आवश्यकता है। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार चढ़ार, भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा शिवपुरी से श्री विजय कुमार गुप्ता, संकल्प संस्था शिवपुरी से श्री धर्मेंद्र कुमार गुप्ता एवं शक्तिशाली महिला संगठन एनजीओ शिवपुरी से श्री रवि गोयल, सुश्री श्रद्धा जादौन एवं श्री लव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने पर आदिवासीयो की बस्ती मे जाकर उनके बीच मिठाई खिलाकर बांटी खुशी





**निवाड़ी / भिंड** जिले के भा. ज. पा.जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि भारत गणराज्य की 15वीं राष्ट्रपति व देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मू जी के निर्वाचित होने के शुभ अवसर पर आज निवाड़ी जिले के ओरछा नगर में भाजपा मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय चौ. मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी ने अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) बस्ती में जाकर मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री अखिलेश आयची जीं, जिला महामंत्री श्री मुकेश दांगी जी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री प्रमोद कुशवाहा जी, अंत्योदय समिति के जिला संयोजक श्री आनन्द राजा जी सहित पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं अनुसूचित जनजाति समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट जी से संपर्क कर नहर खोलने की लिए निवेदन





आज भितरवार, डबरा विधान सभा क्षेत्र ग्रामों के किसानों द्वारा लगातार पानी की मांग करने पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठोर ने प्रभारी एवं सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट जी से संपर्क कर नहर खोलने की लिए निवेदन किया तभी प्रभारी एवं सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट जी ने अधिकारियों को नहर खोलने के आदेश दिए सभी किसानों के साथ, श्री दीवान सिंह हरसी जी,श्री रविंद्र शास्त्री जी, श्री उदयभान सिंह रावत जी,श्री मोनू गुर्जर जी सरपंच (पाचोरा)श्री भीकम सिंह जाट जी, श्री रंजीत सिंह रंधावा जी, श्री माधो कुशवाह जी, श्री नरेश अग्रवाल जी, श्री कल्लू रावत जी,सत्री सरदार जी, हरदीप सिंह सरदार जी, जगजीत सिंह सरदार जी, हरविंदर सिंह सरदार जी, सतनाम सिंह सरदार जी, सुखदेव सिंह सरदार जी, कुलदीप सिंह नंबरदार जी, जोगेंद्र सिंह सरदार जी एवं अन्य किसान हरसी डैम हाई लेवल कनाल से किसानों को फसल के लिए तत्काल नहर खोलकर पानी उपलब्ध कराया सभी किसानों ने पूरे क्षेत्र के जनता की ओर से श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी तथा सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट जी का आभार व्यक्त किया और वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन सिंह राठौर जी को बहुत बहुत धन्यवाद दिया

# कृषक संगोष्ठी जनअभियानों से जुड़े किसान भाईः कलेक्टर श्री सिंह

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी के परिसर में कृषक संगोष्ठी सह जनअभियान की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने किसान बंधुओं को संबोधित किया। शिवपुरी जिले में एक जिला एक उत्पाद के तहत टमाटर को चिन्हित किया गया है। अब जिले में सेडमैप द्वारा प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा और क्लस्टर बनाकर काम किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट 3 वर्ष में पूरा होगा। कार्यशाला के दौरान इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद किसानों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए गए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि अभी शिवपुरी जिले में टमाटर का उत्पादन बड़ी संख्या में किसानों द्वारा किया जाता है। लेकिन टमाटर की गुणवत्ता क्या है और इसके क्या बेहतर उपयोग किए जा सकते हैं। इसके बारे में संबंधित विभागों द्वारा किसानों को जानकारी दी जाए। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक को गुणवत्ता का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा टमाटर का किस प्रकार से उपयोग किया जा सकता है जिससे कि किसानों को मुनाफा हो इस पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषक संगोष्ठी के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के



अनुकूल प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाए। अभी ड्रोन तकनीकी का भी कृषि के क्षेत्र में उपयोग किया जा रहा है। कुछ दिन पहले कृषि विज्ञान केंद्र में नैनो यूरिया छिड़काव किया गया किसानों को लोन तकनीकी के बारे में बताया जाए।

इस अवसर पर जिले के उप संचालक कृषि श्री यू.एस.तोमर, उपसंचालक पशुपालन डॉ. एम.सी.तमोरी, सहायक संचालक उद्यान सुरेश सिंह कुशवाह, सेडमैप से अनिल शर्मा एवं उनके सहयोगी अन्य संबंधित विभागों के विभागीय अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि के साथ-साथ 150 से अधिक कृषक बंधुओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एम.के.भार्गव द्वारा कार्यक्रम के आयोजन में समन्वय किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.शैलेंद्र सिंह कुशवाह, डॉ.जे.सी.गुप्ता, डॉ.पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. नीरज कुशवाह, श्री विजय प्रताप सिंह, कु.आरती बंसल, श्रीमती नीतू वर्मा एवं वीरनारायण राणा इस अभियान में उत्साह के साथ सहभागिता रही।

**हर घर तिरंगा अभियान में सभी सहभागी बनेः** अक्षय कुमार सिंह ने कार्यशाला में आए किसानों से कहा कि अभी 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा और हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में सभी किसान सहभागी बने। अपने घर में तिरंगा झंडा लगाएं और अन्य ग्रामीणों को भी इस अभियान से जोडें। लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने ध्वज संहिता के बारे में भी किसानों को जानकारी दी और कहा कि आज के ही दिन 22 जुलाई को तिरंगा झंडे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था। हमें अपने तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त करना है और इस अभियान को सफल बनाना है।

**अंकुर अभियानः** वृक्ष हमें प्राणवायु आक्सीजन प्रदान करते हैं। अभी शासन द्वारा वृक्षारोपण के लिए अंकुर अभियान चलाया जा रहा है। अंकुर अभियान में शिवपुरी जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। लेकिन जिले की यह स्थिति लगातार बनी रहे इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। किसान बंधु भी अंकुर अभियान में सहभागी बने और पौधे लगाएं। पौधे लगाकर वायुदूत ऐप पर फोटो अपलोड करें। कार्यशाला के दौरान सभी को वायुदूत ऐप की जानकारी दी गई और मौके पर ही वायुदूत ऐप डाउनलोड कराया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में वृक्षारोपण किया।

## केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 12 वीं एवं 10 वीं का परिणाम घोषित

### छात्र गौरी बिसेन प्रथम एवं रिशांक तुरकर ने द्वितीय स्थान किया हासिल

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा लंबे इंतजार के बाद कक्षा बारहवी एवं दसवी के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के विज्ञान संकाय के दो विद्यार्थी गौरी बिसेन एवं रिशांक तुरकर ने बाजी मारी और जिले में प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित किया। कक्षा दसवीं में समर्थ नेमा 96 त्न के साथ प्रथम स्थान पर रहे। सत्र 2021-22 में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय में कुल 43 विद्यार्थी एवं वाणिज्य संकाय में कुल 40 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए । जिनमें से शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में कक्षा बारहवीं में गौरी बिसेन ने 95.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान , रिशांक तुरकर ने 95त्न के साथ द्वितीय स्थान, अंश अमूले ने 93त्न के साथ तृतीय स्थान ,प्रियांशी ठाकरे ने 89.8 त्न के साथ चौथा स्थान और विनायक जायसवाल 89.2 त्न के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में भूमिका राजपूत 91% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीयूष चिमनानी ने 89.8त्न के साथ द्वितीय स्थान, प्रांजल राहतगांवकर ने 88.4% के साथ तृतीय स्थान, प्रांजल बत्रा ने 87.2 त्न के साथ चौथा स्थान, निधि मंगलानी 86.2 त्नके साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया।

**कक्षा दसवीं में इन छात्रों ने मारी बाजीः** कक्षा दसवीं में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में कुल 102 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए ,जिसमें 99 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। 3 विद्यार्थियों को पूरक आई। दसवीं का परीक्षा परिणाम 97.05त्न रहा। समर्थ नेमा ने 96त्न के साथ प्रथम स्थान, कोपल पालेवार ने 94त्न के साथ द्वितीय स्थान, अमयपुरी गोस्वामी ने 93.8त्न के साथ तृतीय स्थान, तुषार चौधरी ने 93.6त्न के साथ चौथा स्थान और आयुष कोरी ने 93त्न के साथ पांचवा स्थान अर्जित किया ।102 छात्रों में से 12 छात्रों ने 90 के ऊपर प्रतिशत प्राप्त किए। बालाघाट जिले में तमाम सीबीएसई विद्यालयों में केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय द्वारा बारहवीं का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्रदान किया गया। इस बात की प्रसन्नता विद्यालय के प्राचार्य श्री पी के जैन एवं सभी शिक्षकों के चेहरे पर दिखी। सभी ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न-टू-वन

### आठंवी की छात्रा की पानी की बॉटल मे जहर मिलाकर हत्या करने की कोशिश

**भोपाल।** राजधानी के नजदीक रातीबड़ इलाके के शासकीय स्कूल डोबरा में आठवीं कक्षा मे पढने वाली छात्रा की पानी की बोतल में अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ मिलाकर सकी हत्या की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गनीमत रही कि बॉटल मे से अजीब सी दुर्गंधं आने पर छात्रा ने पानी नही पिया। मामले मे थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम डोबरा के सरकारी स्कूल मे आठवी कक्षा मे पढने वाली 14 साल की लडकी बीते दिन भी रोजाना की तहर सुबह स्कूल पहुंची थी। यहॉ उसने कक्षा के बाहर अपनी पानी की बोतल रख दी थी। साढ़े दस बजे लंच ब्रैक होने पर खाना खाने के बाद उसने पानी पीने के लिए बोतल को खोलकर मुंह के पास ले गई तो उसे उसमें से अजीब सी दुर्गंध आई। बोतल मे झांककर देखने पर उसे उसे पानी मे सफेद पाउडर नजर आ रहा था। गंदगी समझकर उसने पानी को न पीते हुए फेंक दिया। सदेहं होन पर उसने इसकी स्कूल की प्रिसिपल नीलकमल शिवहरे को सारी बात बताई। छात्रा की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रिसिपल ने स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर स्कूल परिसर की तलाशी ली, तो उन्हें एक पॉलीथिन मिली, जिसमे संदिग्ध जहर जैसा पाउडर मिला। इसके बाद उन्होने तत्काल ही इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर छात्रा के ब्यान दर्ज करते हुए मौके से बरामद संदिग्ध पाउडर को जप्त कर लिया। अफसरो ने बतायसा कि पाउडर के नमूने को एफएसएल जांच के लिये भेजा गया है, जिसकी रिर्पोट आने पर ही साफ हो सकेगा कि यह कौन सा जहर है। फिलहाल पुलिस अन्य बिदुंओ की पडताल कर आरोपियों की सुरगशी के प्रयास कर रही है।

### दर्शन करने आई महिला को परिवार ने दी पनाह, युवक ने धमकाकर किया बलात्कार

**भोपाल।** नजीराबाद थाना इलाके मे शाजापुर की रहने वाली महिला की शिकायत पर आरोपी राहुल साहू के खिलाफ दुष्कर्म का मामला कायम कर आरोपी की तलाश मे जुटी है। बताया गया है कि महिला दर्शन के लिए इलाके मे आई थी, लेकिर बरसात के कारण उसने राहुल के घर में पनाह ली थी। इसी दौरान रात के समय आरोपी ने उसे धमकाते हुए अपनी हवस का शिकार बना डाला। थाना पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो मुल रुप से शाजापुर की रहने वाली है, लेकिन विवाहित है। लेकिर पारिवारिक कारणो से फिलहाल पति से अलग रहती है। बीते काफी समय से वो अपनी मन्नत मांगने देवापुरा स्थित धार्मिक स्थल आती रहती है। बीते दिनो उसकी दूसरे शहर मे नौकरी लग गई। नौकरी जवाइन करने से पहले वो बुधवार के दिन देवापुरा पहुंची। देव स्थान पर दर्शन करने के बाद वो नाय समन गांव से बैरसिया जाने के लिए देर शाम को वो वाहन की तलाश कर रही थी। उस समय अधिक बरसात होने के कारण उसनेनाय समन गांव के साहू परिवार से मदद मांगी। परिवार वालो ने उससे कहा कि वो रात उनके घर मे ही ठहरकर अगली सुबह बैरसिया के लिये निकल जाये तो अच्छा रहेगा। उनके कहने पर महिला उनके घर पर रुक गई। आरोप है कि रात के समय साहू परिवार के राहुल नाम के युवक ने धमकाते हुए उसके साथ ज्यादती की। मामला दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### फेसबुक ने दो अफगानी मीडिया संस्थानों पर लगाई पाबंदी, तालिबान बोला असहिष्णु कार्रवाई

**काबुल।** अफगानिस्तान के दो सरकारी मीडिया संस्थानों के खातों पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक ने पाबंदी लगाई है। कंपनी ने कहा कि अमेरिका के कानून के तहत तालिबान एक आतंकी संस्था है, ऐसे में उसके द्वारा संचालित किसी भी अकाउंट को वह अपने प्लेटफार्म पर जगह नहीं दे सकते हैं। तालिबान ने पिछले साल अगस्त माह में अफ़गानिस्तान की सत्ता पर काबिज होते ही फेसबुक और ट्विटर का उपयोग करना शुरू कर दिया था। देश के मीडिया संस्थानों, अखबारों और रेडियो पर अपनी पकड़ बनाने के बाद तालिबान इन्हें अपनी छवि सुधारने के लिए उपयोग कर रहा है। दुनिया के सामने अपने क्रूर शासन को छिपाने के लिए तालिबान सरकारी मीडिया का खूब इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि, फेसबुक ने प्रतिबंधित मीडिया संस्थान की जानकारी नहीं दी है, लेकिन नेशनल रेडियो टेलीविजन अफगानिस्तान (आरटीए) और सरकारी स्वामित्व वाली समाचार एजेंसी ने कहा है कि फेसबुक ने उन्हें ब्लॉक कर दिया है। आरटीए के निदेशक अहमदुल्ला वासिक ने एक वीडियो बयान में कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर संस्थान के अकाउंट को बिना कोई कारण बताये बंद कर दिया गया। उन्होंने नेशनल रेडियो टेलीविजन अफगानिस्तान को देश की आवाज करार दिया है। फेसबुक द्वारा अफ़ग़ानिस्तान की सरकारी मीडिया एजेंसी को प्रतिबंधित किये जाने के बाद तालिबान ने इसे असहिष्णुता का उदाहरण बताया है।

### संयुक्त राष्ट्र ने श्रीलंका में आर्थिक संकट का हल निकालने के लिए समावेशी विचार-विमर्श पर जोर दिया

**जेनेवा।** श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी ने देश में सभी पक्षकारों से मौजूदा आर्थिक संकट और लोगों की शिकायतों को हल करने को समावेशी विचार-विमर्श का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र की रेजीडेंट कोऑर्डिनेटर हैना सिंगर हामदी ने नए राष्ट्रपति को सत्ता का संवैधानिक रूप से हस्तांतरण करने को मान्यता दी है। रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति के तौर पर गुरुवार को शपथ ली है। हक ने बताया कि हैना सिंगर हामदी ने सभी पक्षकारों से मौजूदा आर्थिक संकट और लोगों की शिकायतों का हल निकालने के लिए व्यापक तथा समावेशी रूप से विचार-विमर्श करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और स्थिर श्रीलंका के लिए संवाद, लोकतंत्र, मानवाधिकारों और कानून-व्यवस्था का

# ग्वालियर पुलिस ने "बाल मित्र योजना" के तहतछात्र-छात्राओं को कराया पड़ाव थाने का भ्रमण, यातायात नियमों की दी जानकारी





पुलिस के अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओंको ''गुडटच-बेडटच'' के बारे मे बताया गया। तद्उपरांत यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं यातायात नियमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में

**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस द्वारा''बाल मित्र योजना'' के तहत पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसेके निर्देष पर थाना पड़ाव परिसर में रेलवे कॉलोनी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-दक्षिण श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे के साथ नगर पुलिस अधीक्षक इंदरगंज श्री विजय भदौरिया, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नरेष अन्नोटिया, श्री विक्रम सिंह कनपुरिया, थाना प्रभारी पड़ाव निरी0 विवेक अष्ठाना, थाना प्रभारी यातायात श्री बैजनाथ प्रजापति, सूबेदार अभिषेक रघुवंषी, चाइल्ड केयर विभाग से श्री राजेन्द्र सोनी एवं विद्यालय केप्राचार्य व षिक्षकगणभी उपस्थित रहे। बाल मित्र योजना के तहत 50 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं को ग्वालियर पुलिस द्वारा थाना पड़ाव का भ्रमण कराते हुए उन्हे पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के लिये एक क्विजकॉम्पटिषन का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुलिस अधिकारियों द्वारा पुरूस्कार प्रदाय कर सम्मनित किया गया। ग्वालियर पुलिस द्वारा ''बाल मित्र योजना'' के तहत इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी कराये जाते रहेगें।



## भामाशाह ला रहे है शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति

**पुष्पाजंली टुडे**

**गांधीधाम**–श्री आईजी माताजी मंदिर बडेर गांधीधाम गुजरात में सीरवी समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलाल सेणसा गांधीधाम रामपुरा निवासी राजस्थान की उपस्थिति में श्री आईजी शिक्षण संस्थान की कार्यकारणी सदस्यों का माला पहनाकर सम्मान किया । उसके लिए श्री आईजी शिक्षण संस्थान रानी की तरफ से आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद एवम हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री आईजी बडेर गांधीधाम गुजरात के सदस्य कोषाध्यक्ष खेताराम सिरवी चोकडिया, पूनाराम खिवाड़ा, चुनिलालजी माताजी गुड़ा, दुदाराम खिवाडा,वजाराम सिवास, तुलसाराम धामली, मंगलाराम गजनीपुरा,का गजनीपुरा सीरवी और माताजी के पुजारी आदि उपस्थित रहे।

## अमलीपदर आजाद चौक साई मंदिर में जन्मदिन पर भंडारा का आयोजन हुआ संपन्न

गरियाबंद जिला मैनपुर ब्लॉक तहसील कोर्ट अमलीपदर आजाद चौक साई मंदिर में भंडारा का आयोजन आजाद चौक के युवा सरल स्वभाव के सब के सहयोगी मृदुभाषी मिलनसार रायपुर संभाग नया भारत एवं पत्रिका ग्रुप के मैनेजर आशीष ताम्रकार भाई जी के जन्मदिन के उपलक्ष में साई मंदिर प्रांगण स्थल पर केक काटकर के साई मंदिर सेवक युवक युवती ने भंडारा का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं के साथ मनाया गया भंडारा में गांव के बुजुर्ग माताएं युवा भाई युवती बहने को दाल चावल सब्जी का प्रसाद के तौर पर साई मंदिर में परोसा गया रायपुर संभाग ऑनलाइन वेब पोर्टल नया भारत व पत्रिका अखबार मैनेजर आशीष ताम्रकार जी ने प्रेस वार्तालाप पर छत्तीसगढ़ 24 न्यूज़ को बताया कि आज मेरे जन्मदिन पर मैंने मेरे मालिक के दरबार पर भंडारा का आयोजन रखा मेरे मित्रों के साथ मेरे मालिक साई मंदिर प्रांगण में मैंने केक काटकर मालिक का आरती लेकर बड़े ही उत्साहवर्धन से जन्मदिन मनाया जिसमें शामिल हुए मेरे बचपन के मित्रगण एवं मेरे गांव अमलीपदर के गणमान्य वरिष्ठ बुजुर्ग माताएं बहनें बाहर से आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया मुझे इस बात की







खुशी है कि मैं अपना जन्मदिन मेरा निजी गांव जिस गांव में मैंने जन्म लिया मेरे गांव पर मेरे मालिक के मंदिर में भंडारा का आयोजन मैंने रखवाया मेरे गांव के सभी श्रद्धालुओं ने बड़े ही खुशी के साथ मेरे मालिक साई नाथ का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किए मुझे इस बात की और भी खुशी है आजाद चौक के साई मंदिर के सेवक सेविका एवं मेरे पूरे परिवार के साथ मैंने बहुत ही अच्छे से अपना जन्मदिन मनाया उन्होंने आगे यह भी कहा कि मेरे लिए मेरे जन्मभूमि गांव अमलीपदर जन्नत है मुख्य अतिथि पर आशीष ताम्रकार धनेश नागेश अश्वनी अवस्थी विशाल रावत अनिल अवस्थी इंद्रजीत यादव प्यारी यादव मुकेश यादव नारायण ताम्रकार रेखा ताम्रकार निखिल यादव नरसिंग यादव मधु साहू भारती पटेल संगीता यादव उषा ठाकुर मिथुला चक्रधारी पपी यादव नंदनी नागेश बाल सखा साई मंदिर आजाद चौक अमलीपदर के गणमान्य नागरिक वरिष्ठ माताएं बहनें उपस्थित रहीं

## हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर जनपद सभागार में बैठक संपन्न

### ध्वज नियमावली के पालन को लेकर विशेष दिशानिर्देश

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जिले की जनपद पंचायत लांजी के सभागार में 22 जुलाई को लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता सप्ताह अंतर्गत आगामी 11 से 17 अगस्त तक संचालित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के संचालन के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम ज्योति ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ रंजीत सिंह ताराम, तहसीलदार सतीश चौधरी शामिल हुए। एसडीएम ज्योति ठाकुर ने कहा कि यह अभियान नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता के साथ-साथ देश भक्ति की भावना जागृत करने का माध्यम है। इसलिए पदाधिकारी गंभीरतापूर्वक और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। लोगों को स्वयं राष्ट्रीय ध्वज क्रय कर अपने घर पर लगाने के लिए प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा अभियान की कार्ययोजना,



रूपरेखा और प्रशिक्षण इत्यादि का कार्य समयावधि में पूरा कर लिया जाए। सभी विभाग प्रमुख लक्षित वर्ग के हितग्राहियों को अभियान के बारे में जागरूक करें। इसके साथ ही झण्डा संहिता और अधिनियम की जानकारी प्रदान करने के साथ ही ध्वजारोहण का तरीका भी बताएं। इसी तरह लक्षित घर का सर्वे कर सूची संधारित करें। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत संचालित अभियान में सर्वसमाज की भागीदारी आवश्यक है। इस मौके पर डॉ प्रदीप गेडाम खंड चिकित्सा अधिकारी, धुवारे पीडब्ल्यूडी, भिमटे प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, सुनिल खरगाल, वी एन बिसेन, डी एल शरणागत, आनन्द लटारे, गुरदे, एम अवसरे मोहझरी प्राचार्य, चन्द्रभुषण चौहान भानेगांव प्राचार्य,नविन शिवनकर के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अनियमितता एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर उप महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं एक सहायक प्रबंधक निलंबित

***गोहद।*** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अनियमितता, कर्तव्य में लापरवाही बरतने और कर्तव्य के प्रति सजग नहीं रहने के आरोप में उप महाप्रबंधक (चालू प्रभार) श्री यशपाल सचदेवा, प्रबंधक श्री पुलस्थ पांडे एवं सहायक प्रबंधक श्री एम.सी.गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र श्री राजीव गुप्ता ने बताया कि भिण्ड वृत्त के गोहद संभाग में पदस्थ श्री यशपाल सचदेवा उपमहाप्रबंधक (चालू प्रभार) को अपने कर्तव्यस्थल एवं मुख्यालय से बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने, आबादी फीडर से कृषि फीडरों की टैपिंग अवैध रूप से जुड़ी पाए जाने, राजस्व वसूली कार्यों में लापरवाही बरतने के साथ ही पदीय दायित्वों के निर्वहन में अनियमितता बरतने के चलते म.प्र.सिविल सेवायें (वर्गीकरण नियम एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (द्ब) के अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय गुना वृत्त कार्यालय नियत किया गया है। इसी प्रकार भिण्ड वृत्तांतर्गत गोहद संभाग में पदस्थ प्रबंधक श्री पुलस्थ पाण्डे एवं सहायक प्रबंधक श्री एम.सी.गुप्ता को चितौरा उपकेन्द्र से निर्गमित चितौरा आबादी फीडर से कृषि फीडरों की टैपिंग अवैध रूप से जुड़ी पाए जाने, राजस्व वसूली कार्यों में लापरवाही बरतने के साथ ही पदीय दायित्वों के निर्वहन में अनियमितता बरतने के चलते म.प्र.सिविल सेवायें (वर्गीकरण नियम एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (द्ब) के अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर क्रमशः मुख्यालय श्योपुर वृत्त कार्यालय एवं मुरैना वृत्त कार्यालय नियत किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर मिश्रा ने कहा है कि उपभोक्ता सेवा सर्वोपरि है। उपभोक्ताओं को कंपनी बेहतर से बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत संकल्पित है और इसी दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने मैदानी अधिकारियों से कहा है कि वे उपभोक्ता सेवा और कंपनी की योजनाओं का लाभ पात्र उपभोक्ताओं को प्रदान करें तथा सजगता से कार्य करें।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं दो हजार का अर्थदंड

**गोहद**– अपर लोक अभियोजक के0सी0 उपाध्याय के अनुसार न्यायालय पूरनसिंह, अपर सत्र न्यायाधीश गोहद जिला भिण्ड द्वारा प्रकरण क्रमांक 05/21 म0प्र0 राज्य द्वारा आरक्षी केन्द्र मौ विरुद्ध देवेन्द्र आदि में अज दिनांक 22.07 2022 को आरोपी देवेन्द्र पुत्र भगवान सिंह कुशवाह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम देवी सिंह का पुरा थाना मौ जिला भिण्ड को धारा 302 भादवि में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं दो हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि फरियादी रामसिया निवासी ग्राम

शेरपुर थाना एण्डोरी जिला भिण्ड ने अपने पुत्री पूनम की शादी दिनांक 08.02.2016 को अभियुक्त देवेन्द्र के साथ हिन्दू रीति रिवाज से अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर की थी, लेकिन शादी के बाद से ही पति देवेन्द्र सिंह, ससुर भगवान सिंह एवं सास विद्यादेवी फरियादी की पुत्री पूनम से दहेज की मांग करते रहे और दहेज नहीं देने पर पूनम के साथ मारपीट करते थे, इसके पश्चात शादी के दो साल बाद फरियादी ने अभियुक्तगण को 50,000/-रूपये भी दिये, लेकिन इसके पश्चात भी अभियुक्तगण पूनम के साथ मारपीट करते रहे। दिनांक 24.02.2020 की रात को पूनम के पति देवेन्द्र ने फरियादी की पुत्री पूनम की मारपीट कर हत्या कर दी और पूनम के ससुर भगवान सिंह व सास विद्यादेवी भी दहेज की मांग करने व पूनम को प्रताडित करने में देवेन्द्र का साथ देते थे। फरियादी की पुत्री की लाश उसके घर के आंगन में पड़ी थी फरियादी द्वारा उक्त घटना के संबंध में थाना मौ पर पेश लेखी आवेदन पत्र के आधार पर अपराध कमांक- 51/2020 अंतर्गत धारा 302, 304 बी, 498 ए.. 201/34 भा0दं0सं0 पंजीबद्ध करते हुये मर्ग क्रमांक 06/2020 अंतर्गत धारा 174 सीआरपीसी का पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान मृतिका के शव के सबंध में सफीना फार्म जारी किया। गया तथा नक्शा पंचायतनामा लाश तैयार करते हुये शव का परीक्षण कराया गया। एक लकड़ी का डण्डा, एक डण्डा लकड़ी का टूटा हुआ टुकड़ा, जिनके सिरे पर खून लगे थे, खून आलूदा रूई सादा मृतिका पूनम के हाथ से टूटा हुआ कंगन के दो टुकड़े तथा सिर के बालों में लगी हुई गुलाबी रंग की रबड़ जब्त कर प्रथक प्रथक जब्ती पत्रक तैयार किये गये, जिला अस्पताल भिण्ड से प्राप्त सीलबंद पैकेट को जब्त कर जब्ती पत्रक तैयार करने, घटनास्थल का नक्शा मौका तैयार करने, जिला वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रतिवेदन तैयार करने, दिनांक 26.02.2020 को अभियुक्तगण भगवान सिंह व श्रीमती विद्यादेवी को गिरफतार कर गिरफतारी पत्रक तैयार करने, दिनांक 27.02.2020 को अभियुक्त देवेन्द्र को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पत्रक तैयार करने तथा अभियुक्त देवेन्द्र द्वारा दिये गये सूचना मेमोरेन्डम के आधार पर अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा मय एक खोखा के जब्त कर जब्ती पत्रक तैयार करने न्यायालय के समक्ष अभियोगपत्र पेश किया गया, वाद विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरान्त उक्त आरोपी देवेन्द्र को दोषी मानते हुए दण्डित किया गया संपूर्ण जानकारी अपरलोक अभियोजक के,सी उपाध्याय ने प्रेस नोट के माध्यम से दी

## हाल के सर्वे में सुनक को पीछे छोड़ विदेश सचिव लिज़ ट्रस ने बनाई बढ़त, सुनक के पीएम बनाने की उम्मीद हुई धूमिल

**लंदन।** ब्रिटेन में इन दिनों एक नाम की खूब चर्चा है। ये नाम है ऋषि सुनक का हैं। भारतीय मूल के सुनक को ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा था। अब तक की हुई वोटिंग में सुनक को खुद को साबित भी किया। लेकिन अब लगता है कि सुनक का ये सपना शायद ही पूरा हो सकता हैं। एक नए सर्वे में विदेश सचिव लिज़ ट्रस ने ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में सुनक पर 28 वोटों की बढ़त बना ली है। सर्वे के मुताबिक, कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों ने बोरिस जॉनसन के उत्तराधिकारी चुनने के लिए सुनक और लिज ट्रस के लिए अंतिम चरण की वोटिंग में हिस्सा लिया। अब दोनों के लिए सिंतबर की शुरुआत तक वोटिंग होगी। जॉनसन सरकार में वित्त मंत्री रहे सुनक के लिए पीएम बनने का रास्ता इसलिए आसान नहीं दिखता, क्योंकि उन्हें अब टोरी सदस्यों के बीच बहुत कठिन मतदान का सामना करना पड़ेगा। लिज को पहले से ही जॉनसन का समर्थन हासिल है। इस हफ्ते की शुरुआत में आंकड़े बताते हैं कि 46 वर्षीय ट्रस 42 वर्षीय पूर्व चांसलर सुनक को आमने-सामने की लड़ाई में 19 अंकों से हरा देंगी। अब टोरी सदस्यों के एक नए सर्वेक्षण से पता चलता है कि ट्रस ने अपनी मजबूत बढ़त बरकरार रखा है।

730 कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों के सर्वेक्षण के अनुसार, 62 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वहां ट्रस को वोट देने वाले हैं। जबकि 38 प्रतिशत लोगों ने सुनक के साथ जाने का फैसला किया। कुछ लोगों ने दोनों में से किसी को वोट नहीं देने की बात भी कही। ट्रस के पास दो दिन पहले 20 अंकों की बढ़त से 24 प्रतिशत अंक की बढ़त है। कंजर्वेटिव सदस्यता का वर्तमान आकार अज्ञात है। 2019 में पिछले नेतृत्व चुनाव में लगभग 1 लाख 60,000 सदस्य थे। सूत्रों को उम्मीद है कि यह संख्या अब बढ़ गई है। इसका मतलब ये है कि मतदान पार्टी कोई प्रतिनिधि नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि लिज ट्रस ने महिला-पुरुष लगभग हर कैटेगरी में सुनक को मात दी है। ट्रस ने उन सदस्यों का भी विश्वास जीता, जिन्होंने ब्रेक्सिट को वोट दिया था। एकमात्र श्रेणी में सुनक ने ट्रस को हराया है। पीएम की कुर्सी तक पहुंचने के लिए अब सुनक को अनुमानित तौर पर कंजर्वेटिव पार्टी के एक लाख 60 हजार मतदाताओं को अपने पक्ष में पोस्टल बैलेट डालने के लिए तैयार करना होगा। ट्रस और सुनक के बीच लाइव डिबेट होगी। इस डिबेट पर सबकी निगाहें टिकी होंगी। इसके बाद पोस्टल बैलेट पर वोटिंग होगी। 5 सितंबर को दुनिया के सामने यूके के नए प्रधानमंत्री का नाम सामने आएगा।

## ड्रैगन की नई चाल, चीन ने डोकलाम की जमीन पर आबाद कर दिया गांव, भारत ने दिया कड़ा जवाब

**नई दिल्ली।** ड्रैगन अपनी विस्तारवादी अनैतिक मंशा से बाज नहीं आ रहा है। अपनी महत्वाकांक्षी नीतियों के तहत चीन अब भूटान के रास्ते भारत को घेरने की तैयारी कर रहा है। चीन ने डोकलाम से 9 किमी दूर भूटान की अमो चू घाटी में गांव बसा लिया है। भूटानी इलाके में मौजूद इस गांव का नाम चीन ने पंगडा रखा है। भारत ने इस मामले के तीन दिन बाद कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर डालने वाले सभी विकास पर लगातार नजर रख रहा है। डोकलाम वही जगह है, जहां 2017 में चीन और इंडियन आर्मी का सामना हुआ था। डोकलाम में गांव के निर्माण की सैटेलाइट तस्वीरें सामने आई हैं। सबसे पहले नवंबर 2019 में पहली तस्वीर आई थी। अब ये गांव पूरी तरह से आबाद हो चुका है। लगभग हर घर के आगे कार दिखाई दे रही है। पंगडा के पास ही ऑल वेदर रोड है, जो चीन ने भूटान की जमीन पर कब्जा कर बनाई है। यह रोड तेज बहाव वाली अमो चू नदी के किनारे है, जो भूटान के 10 किमी अंदर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची से जब चीनी गांव को दिखाने वाली सैटेलाइट तस्वीरों के बारे में पूछ गया तो उन्होंने कहा, 'मैं मीडिया में आई खबरों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। मैं विशेष रूप से डोकलाम के संदर्भ में एक विस्तृत बात कहना चाहता हूं कि कृपया आश्वस्त रहें। सरकार भारत की सुरक्षा पर असर डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर लगातार नजर रखे हुए है और इसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।' भूटान के मोर्चे पर यह घटना ऐसे समय हुई है, जब भारत और चीन के बीच पूर्वी मोर्चे पर लद्दाख में तनाव कम करने के लिए 16 राउंड की बातचीत हो चुकी है। हालांकि, इसके बाद भी अहम नतीजा नहीं निकल पाया है। आखिरी राउंड की बातचीत रविवार को हुई थी। बता दें भारत और चीन के बीच डोकलाम ट्राई-जंक्शन पर 73 दिनों तक गतिरोध बना रहा। यह गतिरोध तब शुरू हुआ जब चीन ने उस क्षेत्र में एक सड़क का विस्तार करने की कोशिश की, जिस पर भूटान ने दावा किया था।

# मेंटीनेंस के बाद भी ट्रिपिंग हो तो अधिकारियों को दें नोटिस



## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने विभागीय समीक्षा में दिये निर्देश

ग्वालियर। मेंटीनेंस के पाँच दिन बाद यदि फिर ट्रिपिंग होती है तो संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर इसका कारण पूछें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश ग्वालियर और चंबंल संभाग के जिलों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने भोपाल से वीडियो कार्फ्रेसिंग से विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत पर बिजली सुधारने के लिए जाने वाली टीम की गाड़ी की अच्छी कंडीशन हो। साथ ही उसमें जरूरी उपकरण भी रहने चाहिये।

### युद्ध स्तर पर हो मेंटीनेंस

श्री तोमर ने कहा कि बिजली लाइन और ट्रान्सफार्मरों का मेंटीनेंस युद्ध स्तर पर करें। इसमें पेड़ की टहनियों और झाडियों के कारण होने वाली ट्रिपिंग रोकी जा सकेगी। मेंटीनेंस कार्य का निरीक्षण डिविजनल इंजीनियर द्वारा नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि सामग्री की कोई कमी हो तो मुझे बतायें। मेंटीनेंस की एंट्री गूगल शीट में भी करें।

श्री तोमर ने कहा कि खंबों में बिजली फाल्ट सुधारने के लिए ग्वालियर को एक हाइड्रा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। हेल्प डेस्क में आने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। उपभोक्ताओं के फोन तुरन्त उठायें। उन्होंने कहा कि गैर विद्युतीकृत कॉलोनियों में विद्युतीकरण के लिए प्राक्कलन बनायें। स्वीकृत कार्यो को जल्द शुरू करें। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत शिविरों का आयोजन

### स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु 50 लाख रूपए तक का ऋण मिलेगा

ग्वालियर। युवा उद्यमियों को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना लागू की गई है। योजना के अंतर्गत कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष तक के युवाओं को एक लाख रूपए से 50 लाख रूपए तक का ऋण सेवा व्यवसाय एवं उद्योग हेतु दिए जाने का प्रावधान है। योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को मिले, इसके लिये जनपद पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में युवक - युवतियों के ऋण प्रकरण तैयार किए जायेंगे। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ग्वालियर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बरई में 27 जुलाई को, नगर पालिका डबरा में 28 जुलाई को, जनपद पंचायत भितरवार में 29 जुलाई को और जनपद पंचायत मुरार में 2 अगस्त को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ऐसे सभी युवा जो स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वे शिविर में उपस्थित होकर अपने ऋण प्रकरण तैयार कराएँ, ताकि उन्हें बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा सके।

# कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में जाकर अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण



### नल-जल योजनाओं को भी देखा

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 102 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। जिले में 98 तालाबों का काम लगभग पूर्णता की ओर है। शेष में कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी के साथ शुक्रवार को भितरवार एवं डबरा क्षेत्र का भ्रमण कर अमृत तालाबों और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं की जमीनी हकीकत को देखा।

जिले में निर्मित अमृत तालाबों में जल संग्रहण भी हो गया है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भितरवार के ग्राम लदवाया एवं खेरवाया तथा डबरा के छीमक और छोटी अकबई पहुँचकर तालाबों और नल-जल योजनाओं को देखा तथा ग्रामीणों से भी चर्चा की। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ग्रामीण विकास के अधिकारियों और इंजीनियरों से कहा है कि अमृत सरोवरों के निर्माण में जो छोटे-छोटे काम शेष रह गए हैं उन्हें भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही बरसात के दौरान तालाबों पर सुरक्षा की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि बरसात के दौरान तालाबों के आस-पास वृक्षारोपण के कार्य को भी हाथ में लिया जाए।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने छीमक एवं छोटी अकबई में संचालित नल-जल योजनाओं का भी निरीक्षण किया। ग्रामीण जनों से नल - जल योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा है कि बरसात के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। जल संरक्षण के कार्यों को अधिक से अधिक हाथ में लेने की बात भी उन्होंने अधिकारियों से कही।

# हरसी जलाशय से किसानों के लिये छोड़ा गया पानी



ग्वालियर। ग्वालियर जिले में किसानों की माँग पर खरीफ फसल की धान की रोपनी हेतु हरसी बाँध से निकलने वाली हरसी नहर पुरानी एवं हरसी उच्च स्तरीय नहर दोनों से ही लगभग 200 - 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों को धान की रोपनी हेतु पानी दिया गया है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि हरसी उच्च स्तरीय नहर एवं हरसी नहर पुरानी से किसानों को पानी प्रदान किया जा रहा है। डबरा एवं भितरवार के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले किसानों की माँग पर जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई हेतु पानी प्रदान किया गया है। इससे लगभग 100 गाँव के लोग लाभान्वित होंगे। डबरा एवं भितरवार क्षेत्र में लगभग 35 से 40 हजार हैक्टेयर रकबे में धान की रोपनी की जाती है। हरसी डैम से पानी छोड़ने के समय जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री राजेश चतुर्वेदी के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। किसानों की माँग पर पानी छोड़े जाने से किसानों ने जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।

# मुनिश्री विनय सागर के चातुर्मास कार्यक्रमों की पत्रिका हुआ विमोचन

### जीवन में अच्छाइयां देरी से आती हैं, बुराई बहुत जल्दी से आती है-मुनिश्री

### मुनिश्री के मंगल प्रवचन माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन पर चल रहे है।

ग्वालियर-ः विकास की दौड़ में आदमी विकारों की ओर बढ़ा रहा है। जीवन में अच्छाइयां देरी से आती हैं और जाने में देर नहीं करती और बुराइयां बहुत जल्दी आती हैं और बहुत मुश्किल से जाती हैं। कर्म को धर्म के साथ करो, धर्म को कर्म के साथ नहीं। सांसारिक पदार्थों से विरक्ति होने पर हम सच्चे सुख की राह पकड़ेंगे, जिसे शरीर से विरक्ति और आत्मा से मोह हो जाए, उसी जीव का जीवन में कल्याण होना निश्चित है। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज शुक्रवार को साधनमय बर्षयोग समिति व मुख्य संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के ओर से माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि आज के आदमी का दुःखी होने का सबसे बड़ा कारण है आवश्यकताएं पूरी होने पर आसक्ति की ओर भागना। रोटी, कपड़ा और मकान यह होती हैं आवश्यकताएं और जैसा सामने वाले का मकान है, वैसा ही मकान होना चाहिए, यह होती है आसक्ति। जीवन का उद्देश्य सफलता, संपन्नता ही नहीं, प्रसन्नता का होना चाहिए। सफलता संपन्नता का मार्ग है। प्रसन्नता मंजिल है और जिस रास्ते पर मंजिल न मिले, वह रास्ता किस काम का।



मुनिश्री के सानिध्य में समिति ने चातुर्मास पत्रिका का किया विमोचन

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में 2022 के चातुर्मास कार्यक्रम की पत्रिका विमोचन साधनमय बर्षयोग समिति के मुख्य संयोजक मनोज जैन कॉलेज, अध्यक्ष कमलेश जैन, चक्रेश जैन, अनिल शाह, अशोक जैन पोली, जितेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, ज्योतिचार्य हुकुमचंद जैन, हरीशचंद जैन एवं महिला मंडल ने सामूहिक रूप से विमोचन किया। वही महिलाओ ने मुनिश्री को जिनावाणी शास्त्र भेट व गुरुभक्तों ने चरणों का पादप्रक्षालन किया।

### मुनिश्री के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह कल, बाहर से आएंगे गुरुभक्त

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि 24 जुलाई को प्रातः दोपहर 1ः00 बजे से माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में साधनमय पावन बर्षयोग संमिति व मुख्य सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ससंघ के चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यश्री के चित्र का आवरण, दीप प्रज्वलन, मुनिश्री के पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, संगीतमय गुरुपूजन, स्वागत नृत्य, श्रीफल भेंट एवं मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे। कलश स्थापना कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुरैना, धौलपुर, आगरा, अम्बाह, भिंड, दिल्ली, डबरा आदि जगहों से गुरुभक्त पधारेंगे।

## संक्षिप्त समाचार


### अधिसूचना के 15 दिन में होगा नगरीय निकायों के अध्यक्ष का निर्वाचन

ग्वालियर। नगरपालिका परिषद और नगर परिषदों के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिये पार्षदों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने की तारीख से 15 दिन के भीतर कलेक्टर द्वारा निर्वाचित पार्षदों का सम्मिलन बुलाया जायेगा। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर द्वारा नियुक्त किये गये ऐसे अधिकारी द्वारा की जायेगी, जो नगरपालिका परिषदों के मामले में डिप्टी कलेक्टर और नगरपरिषदों के मामले में तहसीलदार पद की श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का नहीं होगा। इसी तरह नगरपालिक निगम के अध्यक्ष के निर्वाचन के लिये कलेक्टर द्वारा महापौर तथा पार्षदों के निर्वाचन की अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिन के भीतर निर्वाचित पार्षदों का सम्मिलन बुलाया जायेगा। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर द्वारा की जायेगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा इस संबंध में जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश सभी कलेक्टर्स को जारी कर दिये गये हैं।

### स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु 50 लाख रूपए तक का ऋण मिलेगा

ग्वालियर। युवा उद्यमियों को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना लागू की गई है। योजना के अंतर्गत कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष तक के युवाओं को एक लाख रूपए से 50 लाख रूपए तक का ऋण सेवा व्यवसाय एवं उद्योग हेतु दिए जाने का प्रावधान है। योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को मिले, इसके लिये जनपद पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में युवक - युवतियों के ऋण प्रकरण तैयार किए जायेंगे।

### शेजवलकर ने ऑनलाइन गेम्स को लेकर सख्त नीति बनाने की मांग सदन के पटल पर रखी



ग्वालियर। ग्वालियर लोकसभा के सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने शुक्रवार को लोकसभा में नियम 377 के अधीन ऑनलाइन गेम्स को लेकर नीति बनाने की मांग संबंधि प्रस्ताव सदन के पटल पर रखा।

सांसद श्री शेजवलकर ने अपने व्यक्तव्य में उल्लेख किया है कि बच्चों में ऑनलाइन गेम्स की लत उनके आगे बढ़ने में बहुत बड़ी बाधा है। यह गेम बच्चों को मानसिक रूप से कमजोर एवं हिंसक भी बना रहे है। गेमिंग की लत को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीमारी यानी गेमिंग डिसआर्डर के रूप में चिन्हित किया है। दुनिया के कई देश ऐसे गेम्स की लत से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर हैं। बहुत ज्यादा हिंसा वाले गेम बंद किए है। बैन का आधार आपत्तिजनक और हिंसक कंटेंट को बताया गया है। भारत में अभी तक इसे लेकर कोई सख्त नियम नहीं हैं। सीनियर आईटी एंड साइबर एक्सपर्टस का मानना है कि हमारे देश में कोई स्पष्ट पॉलिसी नहीं है जो ऑनलाइन गेम्स पर कंट्रोल कर पाए और उसे सेंसर करे। सांसद शेजवलकर ने आगे उल्लेख किया है कि भारत सरकार को यह चाहिए कि देश में जो भी गेम लांच हो या वर्तमान में चल रहे है, उनकी उपयोगिता को जांचने के लिये फिल्म सेंसर बोर्ड की तर्ज पर एक ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित किया जाए, जो ऑनलाइन गेम्स को पैमाने पर परखे और उपयोगिता संबंधी जांच करें। जिससे भारत के भविष्य युवा एवं बच्चों इसके दुष्प्रभाव से बच सकते हैं।

### निगमायुक्त ने की विभागीय समीक्षा, दिये आवशयक दिशा निर्देश



ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक कर आवशयक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर एडिशनल एसपी श्री अभिनव चैकसे, ट्रैफिक डीएसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बाल भवन में आयोजित बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर ट्रैफिक पुसिल नें प्रजेंटेशन दिया। निगमायुक्त श्री कन्याल ने इस अवसर पर कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृण बनाना है। इसके लिये प्लान करके ही कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने स्मार्टसिटी के कार्यों को लेकर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की बैठक लेकर आवशयक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही भारत सरकार के द्वारा सीवर सुरक्षा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। जिसमें निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर प्रजेंटेशन भी दिया। देश भर के शहरों के साथ ग्वालियर नगर निगम के आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अपर आयुक्त ने भ्रमण कर देखी सफाई व्यवस्था, दिये आवशयक दिशा निर्देश



ग्वालियर। अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर में संचालित निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशनों का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा। निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये। अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने वीरपुर स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर अव्यवस्थायें मिलने पर प्लांट प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्टेशन पर आने वाले टिपर वाहनों के ड्रायवर व हेल्पर को समझायें कि घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग लेकर आयें। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 38 में सड़क पर गंदगी मिलने और गोबर संग्रहण वाहन  चालक को काम मे लापरवाही करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गोबर कलेक्शन वाहन समय पर निकले जिससे रोड पर पशुपालक गोबर न फैंके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान  पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478